divyahimachal.com

# दिव्य हिमाचल

देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

सूर्योदय 7:29 । सूर्यास्त 5:50


धर्मशाला
शुक्रवार, 23 जनवरी, 2026
10 माघ, 2082

वर्ष 29 । अंक 334
पृष्ठ 10+4 । ₹ 5.00

हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व उत्तराखंड में प्रसारित

सरस्वति नमस्तुभ्यं वरदे कामरूपिणि।
विद्यारम्भं करिष्यामि सिद्धिर्भवतु मे सदा॥

बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं




DALHOUSIE
PUBLIC SCHOOL
Est. 1970

## 55 YEARS OF LEGACY I TWO CAMPUSES
## DALHOUSIE & IN NEW CHANDIGARH

10,000+
ALUMNI NETWORK

27+
EXTRACURRICULAR ACTIVITIES

Flexible Residential Opportunities

- FULL BOARDING
- WEEKLY BOARDING
- DAY BOARDING

ADMISSIONS OPEN
FOR DOMESTIC & INTERNATIONAL CURRICULUM
2026-27

LIMITED SEATS
ENROLL NOW


At Dalhousie Public School, we go beyond textbooks to offer an unparalleled learning experience that blends academics with elite extracurricular activities. Our students don't just learn; they explore and excel in unique pursuits. Surrounded by nature, these students embark on hikes and adventures that inspire curiosity and foster a love for life.

With the New Chandigarh Campus, we explore new frontiers of Dalhousie, offering a unique multi-track approach to education, catering to domestic and international aspirations.

CO-EDUCATIONAL BOARDING SCHOOL I PRE-NURSERY TO CLASS XII


YOGA


EQUESTRIAN


FOOTBALL


CRICKET


GOLF


MOUNTAIN BIKING

011 6909 8645 | +91 94183 81111 INFOCHD@DPSDALHOUSIE.COM | DALHOUSIEPUBLICSCHOOL.COM

दिव्य हिमाचल | divyahimachal.com
धर्मशाला, शुक्रवार, 23 जनवरी, 2026





### शिमला में गणतंत्र दिवस के लिए रिहर्सल शुरू

शिमला — राजधानी शिमला में गणतंत्र दिवस के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। गुरुवार को ऐतिहासिक रिज मैदान पर गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल हुई। इसमें पुलिस, होमगार्ड, सेना, एनसीसी सहित अन्य टुकड़ियों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह-2026 शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में लगभग 25 दल हिस्सा लेंगे...

# गणतंत्र दिवस परेड में हिमाचल प्रदेश की झांकी

## 'स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम्' थीम पर दिल्ली में दिखेगी प्रदेश की वीर परंपरा

**स्टाफ रिपोर्टर — शिमला**



गणतंत्र दिवस परेड के लिए रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने देश के 17 राज्यों की झांकियों का चयन किया गया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश की झांकी भी शामिल है। हिमाचल प्रदेश की झांकी 'स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम्' थीम के अंतर्गत प्रदेश के सैनिक, वीरता पुरस्कार व विजेता वीरों की भूमि पर आधारित है, जो कर्त्तव्य पथ नई दिल्ली में प्रदर्शित की जाएगी। इस झांकी के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की वीर परंपरा, देशभक्ति की भावना और प्रदेश के रणबांकुरों की गौरवशाली गाथा को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। हिमाचल ने भारत को अभी तक 1203 वीरता पदक विजेताओं का उपहार दिया है, जिनमें चार परमवीर चक्र, दो अशोक चक्र और दस महावीर चक्र सम्मिलित हैं। भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि झांकी उन पुत्रों और पुत्रियों के प्रति श्रद्धांजलि है, जिन्होंने पर्वतों की आत्मा को अपने भीतर धारण के राष्ट्र की पुकार का उत्तर अद्वितीय पराक्रम और बलिदान से दिया। इन पर्वतों के बीच उनकी वीरता की गूंज सतत् प्रतिध्वनित होती है। हवाएं उनके गौरव की कथाएं पीढ़ी दर पीढ़ी वहन करती है। भारत की सेनाओं के सर्वाधिक योगदान देने वाले प्रदेशों में अग्रणी, हिमाचल का यह गौरव केवल इतिहास नहीं यह इसके जनमानस का स्वभाव, इसकी रगों में प्रवाहित परंपरा है।


- राजधानी में परेड के लिए देश भर के 17 राज्यों की झांकियों का चयन

### 24 जनवरी को रक्षा मंत्रालय को सौंपी जाएगी झांकी

**उप मुख्यमंत्री** एवं प्रभारी मंत्री, भाषा एवं संस्कृति विभाग मुकेश अग्निहोत्री के दिशा निर्देश और सचिव, भाषा-संस्कृति हिमाचल प्रदेश सरकार राकेश कंवर के मार्ग दर्शन में इस झांकी का चयन संभव हो पाया है। झांकी निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है, संभवतया 24 जनवरी तक इसे कर्त्तव्य पथ पर परेड में शमिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय भारत सरकार को सौंप दिया जाएगा।

# ग्रीन स्टेट बनने के लिए भू-तापीय ऊर्जा का इस्तेमाल करेगा हिमाचल

## सीएम बोले; मणिकर्ण, कसोल और तत्तापानी में होगी रिसर्च



**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 तक राज्य को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके अंतर्गत राज्य की 90 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से की जाएगी। शिमला में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पहले से ही जलविद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और अब राज्य जल, सौर तथा भू-तापीय ऊर्जा के समन्वित दृष्टिकोण के माध्यम से कोयला, डीजल और लकड़ी जैसे जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता को कम करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए भू-तापीय ऊर्जा एक सतत्, सुरक्षित और विश्वसनीय नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत सिद्ध हो सकती है, जो राज्य की ऊर्जा सुरक्षा को और सुदृढ़ करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू जिला के मणिकर्ण और कसोल तथा मंडी जिला के तत्तापानी जैसे क्षेत्रों में भू-तापीय ऊर्जा की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। इन क्षेत्रों में सतही तापमान 57 से 97 डिग्री सेल्सियस तक पाया जाता है तथा यहां भू-तापीय ग्रेडिएंट भी अधिक है, जिससे ये क्षेत्र न केवल विद्युत उत्पादन, बल्कि गर्म जल स्रोतों पर आधारित पर्यटन विकास के लिए भी अत्यंत उपयुक्त हैं। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक संसाधन का दोहन 'व्यवस्था परिवर्तन' के दृष्टिकोण के अंतर्गत राज्य सरकार की नवाचार-आधारित शासन व्यवस्था और प्राकृतिक संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे भू-तापीय विद्युत संयंत्र कुल्लू, मंडी और लाहुल-स्पीति जैसे दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को 24 घंटे सात दिन विश्वसनीय बिजली उपलब्ध करवाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। यह ऊर्जा शिमला, मनाली और केलांग जैसे शीत जलवायु वाले नगरों के लिए भी अत्यंत उपयोगी होगी, जहां सर्दियों में हीटिंग और गर्मियों में कूलिंग की निरंतर आवश्यकता रहती है। पर्वतीय क्षेत्रों में भू-तापीय ऊर्जा एक स्थिर बेस-लोड आपूर्ति प्रदान करती है, जो मौसम पर निर्भर नहीं होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि भू-तापीय ऊर्जा के उपयोग से लकड़ी और जीवाश्म ईंधनों की खपत में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे वनों की कटाई पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

### तत्तापानी और मणिकर्ण में भू-तापीय स्पा बनाएंगे

**सीएम ने** कहा कि तत्तापानी और मणिकर्ण जैसे क्षेत्रों में भू-तापीय स्पा, रिजॉर्ट और वेलनेस केंद्रों के विकास से पर्यटन तथा ईको-टूरिज्म को नया प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से ड्रिलिंग और संयंत्र संचालन जैसे क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इसका उपयोग आवासीय और व्यावसायिक भवनों में सर्दियों में हीटिंग तथा गर्मियों में कूलिंग के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसान ठंडे क्षेत्रों में भू-तापीय ऊर्जा का उपयोग कर सब्जियों और फूलों की खेती कर सकते हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि आज विश्व के लगभग 80 देश भू-तापीय ऊर्जा का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं तथा अमरीका इस क्षेत्र में सबसे बड़ा उत्पादक है।

### फायदेमंद हैं स्मार्ट मीटर

**पालमपुर** — सुलाह दौरे के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि स्मार्ट मीटर जनता की भलाई के लिए ही लगाए जा रहे हैं। पुराने मीटर को बदल कर नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, ताकि इस मीटर में हेराफेरी न की जा सके। उपभोक्ता के मोबाइल पर पूरे दिन में कंज्यूम होने वाली बिजली के ब्यौरे का मैसेज सामने आ जाएगा। स्मार्ट मीटर लगाने के कारण बिजली का खर्च कम आएगा।

### करोड़ों रुपए की सौगात

**पालमपुर** — मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सुलाह विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान लगभग 76.41 करोड़ की 14 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने चिट्टे के खिलाफ जनजागरूकता की शपथ भी दिलाई और कहा कि राज्य सरकार चिट्टा माफिया के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है।

# नकली भाजपा से मिलकर भविष्य वक्ता बने जयराम


## कांगड़ा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू का नेता प्रतिपक्ष पर बड़ा सियासी प्रहार

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने कांगड़ा प्रवास के दौरान विपक्षी पार्टी भाजपा पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने भाजपा को जहां सत्ता में रहते हुए संसाधनों के दुरुपयोग पर घेरा, वहीं नेता विपक्ष जयराम ठाकुर पर भी कड़े शब्दबाण चलाए। उन्होंने भाजपा में गए कांग्रेसी विधायकों को नकली बीजेपी बताते हुए कहा कि इसी नक़ली बीजेपी के साथ मिलकर नेता विपक्ष जयराम ठाकुर भविष्यवक्ता बन गए हैं। उन्होंने भाजपा पर वर्ष 2024 में राज्यसभा चुनाव के दौरान विधायकों की ख़रीद-फरोख्त का आरोप लगाते हुए कहा कि एक बार फिर भाजपा को मुंह की खानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने का ख्वाब छोड़ दे, क्योंकि वे पांच गुटों में बंटे हैं। राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने विधायकों को ख़रीदा, क्योंकि भाजपा धनवान पार्टी है। देश में पहली बार हुआ, जब आज़ाद उम्मीदवारों ने इस्तीफ़ा दिया और इस्तीफ़ा स्वीकार करने के लिए भूख हड़ताल पर बैठ गए, लेकिन आज वे खुद सड़क पर आ गए हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार लोगों के हितों के देखकर फैसले करती है और राज्य सरकार एक-एक फ़ैसला जनता के हित में है।



सुलाह — यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते सीएम सुक्खू



# आपदा में क्षतिग्रस्त 1704 सड़कें बहाल

## बरसात से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे कुल्लू, मंडी और चंबा

**वरिष्ठ संवाददाता — शिमला**

हिमाचल में आई आपदा से तहस-नहस हुई राज्य की भाग्य रेखाओं को रिकॉर्ड समय में तैयार कर लोक निर्माण विभाग ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। फ्लैश फ्लड और भू-स्खलन के चलते क्षतिग्रस्त हुई 1704 सड़कों को विभाग ने अब तक बहाल कर दिया है, जबकि अब प्रदेश में केवल 14 सड़कें ही शेष बची हैं, जिन्हें अभी तक खोला नहीं जा सका है। राज्य में आर्थिक संकट के बावजूद पहाड़ पर आई आपदा के बीच लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की रणनीति, दक्षता और मानवीय संवेदनशीलता एक बड़ी राहत का काम राज्य में कर गई। अहम है कि प्रदेश में वर्ष 2025 में आई प्राकृतिक आपदा के कारण कुल्लू, मंडी और चंबा जिला में भारी तबाही मचाई थी। साथ ही प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा था। इस कारण पूरे प्रदेश की रफ्तार थम गई थी। वहीं, हजारों गांवों का संपर्क भी शेष विश्व से पूरी तरह से कट गया था। विभाग की मानें, तो आपदा के चलते प्रदेश भर में नेशनल हाई-वे को छोड़ कर 10642 किलोमीटर लंबी 1720 सड़कों को नुकसान पहुंचा था और 14 पुल बह गए थे, जबकि 86 पुलों को नुकसान पहुंचा था। विभाग का कहना है कि प्रदेश भर में अब तक 1704 सड़कों को यातायात के लिए खोल दिया है और अब 14 सड़कें शेष रह गई हैं, जबकि 15 वैली पुलों का निर्माण भी इस अवधि में किया गया। इसके अलावा 15.30 मिलियन क्यूबिक मलबे को भी विभाग ने हटाया है। इस कार्य के लिए विभागीय मशीनरी के साथ-साथ 1394 आधुनिक मशीनें किराए पर लगाई गई। लोक निर्माण विभाग के इएनसी ई. एनपी सिंह ने कहा कि आपदा के चलते प्रदेश में बंद पड़ी सड़कों में से 1704 को वाहनों के लिए रिकॉर्ड समय में बहाल किया है। उन्होंने कहा कि राहत कार्य के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों-कर्मचारियों ने जिस तत्परता और रणनीति तथा दक्षता के साथ कार्य किया है, यह अपने आप में बड़ी बात है।

### 12 हजार कर्मचारी तैनात

**आपदा के** दौरान सड़कों की बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश भर में जोखिम भरे हालातों में दिन-रात कार्य किया। नतीजतन इस कार्य के लिए करीब 12 हजार अभियंता तकनीकी स्टाफ, ऑपरेटर और मजदूर सड़कों को खोलने में जुटे रहे।

# पार्टी लाइन से हटकर बयानबाजी न करें

## मंत्रियों-नेताओं को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार की कड़ी चेतावनी

**वरिष्ठ संवाददाता — शिमला**



- गोपनीय पत्र जारी कर कहा मीडिया या सोशल मीडिया में बयान न दें
- अफसरों पर विक्रमादित्य के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी ने उठाया कदम

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बयान से हुए विवाद पर प्रदेश कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी मंत्री, विधायकों तथा निगम-बोर्डों के अध्यक्ष व उपाध्यक्षों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार ने इस संबंध में एक कॉन्फिडेंशियल पत्र जारी किया है और पार्टी लाइन से बाहर बयानबाजी न करने की हिदायत दी है। प्रदेशाध्यक्ष ने पत्राचार के पीछे एआईसीसी नेताओं के स्पष्ट और सीधे निर्देशों का हवाला दिया है। पत्र में साफ किया है कि पार्टी लाइन से बाहर ब्यानबाजी करने की सूरत में सीधे कार्रवाई होगी और किसी प्रकार की सफाई और स्पष्टीकरण नहीं सुना जाएगा। वहीं, हिमाचल कांग्रेस ने सार्वजनिक बयानों को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने की बात कही है।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्पष्ट और प्रत्यक्ष निर्देशों के तहत हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने मंत्रियों, विधायकों, बोर्डों व निगमों के अध्यक्षों तथा उपाध्यक्षों को एक कॉन्फिडेंशियल जारी किया है। पत्र में सार्वजनिक वक्तव्यों को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने की घोषणा की गई है। पत्र में कहा गया है कि हाल के दिनों में कुछ मंत्रियों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों द्वारा दिए गए सार्वजनिक बयान आधिकारिक पार्टी लाइन के विपरीत रहे हैं, जिससे पार्टी और सरकार की छवि को गंभीर व अनावश्यक नुकसान पहुंचा है। जारी निर्देशों के अनुसार अब कोई भी मंत्री, विधायक, बोर्ड या निगम का अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष मीडिया, सोशल मीडिया, सार्वजनिक मंच या किसी अन्य माध्यम से ऐसा कोई बयान नहीं देगा जो पार्टी, सरकार या पार्टी नेतृत्व के खिलाफ हो। सभी सार्वजनिक बयानों को बिना किसी अपवाद के आधिकारिक पार्टी लाइन के अनुरूप रखना अनिवार्य किया गया है।

साथ ही पार्टी के भीतर मतभेदों या सहकर्मी नेताओं की सार्वजनिक आलोचना को सीधे तौर पर पार्टी विरोधी गतिविधि माना जाएगा। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में ऐसा कोई भी बयान न दें, जो पार्टी या सरकार को नुकसान पहुंचाए, कमजोर करे या शर्मिंदा करे, अन्यथा उस पर बिना किसी पूर्व चेतावनी के सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार का स्पष्टीकरण अथवा सफाई को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# जयराम बोले, आपसी खींचतान में उलझी कांग्रेस

## नेता प्रतिपक्ष का सरकार पर प्रहार, एक-दूसरे को ही निपटाने का प्रयास कर रहे कांग्रेसी

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने धर्मशाला में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर अंदरूनी खींचतान सार्वजनिक हो गई है और पार्टी में अब एक-दूसरे को निपटाने का खेल दिन के उजाले में शुरू हो चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से उस वरिष्ठ नेता का नाम उजागर करने की मांग की है, जिसने कथित तौर पर विजिलेंस जांच से तिलमिलाकर पद से इस्तीफा देने और दिल्ली हाईकमान तक अपनी बात पहुंचाने की धमकी दी है। उन्होंने सवाल दागा कि आखिर वह कौन प्रभावशाली चेहरा है, जो जांच के दायरे में आते ही सरकार और पार्टी छोड़ने की बात कर रहा है? जयराम ठाकुर ने चुटकी लेते हुए पूछा कि कहीं यह वही नेता तो नहीं, जिसने मंडी में सरकार के तीन साल के जश्न के दौरान मुख्यमंत्री को खुली चुनौती दी थी।

### डोडा हादसे के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**जयराम ठाकुर** ने जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सेना के वाहन हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इस हादसे में 10 से अधिक जवानों की शहादत को राष्ट्र के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### हिमाचल आएंगे प्रधानमंत्री

**धर्मशाला ।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 16वें स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी मार्च या अप्रैल माह में विश्वविद्यालय के देहरा परिसर सहित कुछ विद्युत परियोजनाओं का औपचारिक उद्घाटन कर सकते हैं। इस महत्त्वपूर्ण दौरे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से उनकी चर्चा हो चुकी है।

# मंडी के अंगना में कांग्रेस ने ढूंढी कंगना

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने 'लापता सांसद' पर जयराम को लपेटा

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — मंडी**

- बोले, काम करने वाले ही संभालेंगे संगठन
- परफॉर्म नहीं कर पाए जिलाध्यक्ष, तो जाएगी कुर्सी
- सीएम से मांगी लिस्ट, नेताओं के समर्थकों को मिलेगा इनाम

मंडी के सियासी अंगना में कांग्रेस ने कंगना को ढूंढा है। इसके साथ ही अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया गया है और जिलाध्यक्षों के सिर पर भी परफार्मेंस रूपी बर्खास्तगी की तलवार लटका दी गई है। कांग्रेस की राज्य कार्यकारिणी का ऐलान एक सप्ताह के भीतर किए जाने का दावा किया गया है। इसके साथ ही सीएम सहित अन्य कांग्रेस नेताओं से उन कांग्रेसियों के नामों की सूचियां भी मांग ली गई हैं, जिनको कार्यकारिणी में शामिल किया जाना है। मंडी पहुंचने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार ने मिशन रिपीट की हुंकार भी भरी है। इस दौरान विनय ने मंडी की सांसद के सहारे जयराम ठाकुर से भी सवाल पूछे गए हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार ने कंगना रणौत के सहारे नेता प्रति पक्ष जयराम ठाकुर से पूछा गया कि मंडी की सांसद लापता क्यों हैं। विनय ने सवाल दागा कि मंडी ने क्या ऐसे ही सांसद का चुनाव करने के लिए मतदान किया था और जयराम ठाकुर ने भी लापता सांसद के लिए ही लोगों से वोट मांगे थे। विनय ने कांग्रेसियों को भी अनुशासन का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने कहा है कि नेता और कार्यकर्ता को समय का पाबंद होना जरूरी है। विनय ने साफ कहा है कि कांग्रेस संगठन में उन्हीं को स्थान दिया जाएगा जो काम करने वाले होंगे और परफॉर्म करेंगे। संगठन में जिसकी परफार्मेंस ठीक नहीं होगी, उसको चलता कर दिया जाएगा और यह फार्मूला कांग्रेस जिलाध्यक्षों पर भी लागू होगा। प्रदेश में जिस भी जिलाध्यक्ष की परफॉर्मेंस ठीक नहीं होगी, उसको हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया जाएगा।

# 390 रूट पर बस चलाओ, 30 फीसदी सबसिडी पाओ

## 18 सीटर टैम्पो ट्रैवलर और 42 सीटर निजी गाड़ियां चलाने का मौका, आठ फरवरी तक करें आवेदन

**कार्यालय संवाददाता — शिमला**

हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग ने प्रदेश के 390 बस रूटों पर निजी बसें डालने के लिए राज्य के युवाओं को सुनहरा मौका प्रदान किया है। परिवहन विभाग ने इन रूटों को अब नोटिफाई कर दिया है। विभाग ने किस जिला और किस क्षेत्र को कितने रूट प्रदान किए हैं। बस की कीमत पर 30 फीसदी सबसिडी सरकार देगी। जानकारी के तहत जो भी बेरोजगार युवा पब्लिश किए गए रूटों पर बस डालकर स्वरोजगार चाहता हो, वह 18 सीटर टैम्पो ट्रैवलर भी डाल सकता है। इसके अलावा 42 सीटर तक बस भी पब्लिश रूटों पर डाली जा सकती है। परिवहन विभाग द्वारा हालांकि पहले बसों को ही वरीयता दी जाएगी, लेकिन किसी रूट पर यदि कोई बस परमिट नहीं मिलता है या कोई भी बस चलाने को इच्छुक नहीं है, ऐसे में 18 सीटर टैम्पो ट्रैवलर भी इसी रूट पर परिवहन विभाग द्वारा दिया जाएगा। युवा आठ फरवरी तक विभाग की वेबसाइट पर जाकर रूटों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सरकार द्वारा हाल ही में प्रदेश में 390 एचआरटीसी के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में चलने वाली बसों के रूटों को सरेंडर कर दिया है। ऐसे में इन सभी रूटों पर निजी बस चालकों को बस चलाने का मौका दिया जा रहा है। इन रूटों में 18-38-42 सीटर बसें चलाई जाएंगी।

### एक परिवार से एक सदस्य को मिलेगा लाभ

**परिवहन विभाग** की ओर से जारी एसओपी के अनुसार आवेदनकर्ता स्थायी रूप से हिमाचली होना चाहिए। आवेदक बेरोजगार होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त आवेदन किसी भी सरकारी, अर्ध सरकारी, पीएसयू या राज्य परिवहन उपक्रम में कार्यरत नहीं होना चाहिए। परिवहन विभाग के साथ कोई बकाया न हो। एक परिवार से केवल एक ही सदस्य को योजना का लाभ मिलेगा। आवेदनों की जांच संबंधित क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों द्वारा की जाएगी। यदि आवेदनों की संख्या उपलब्ध मार्गों से अधिक हुई, तो चयन लॉटरी (ड्रा) ऑफ लॉट्स के माध्यम से किया जाएगा।

### अभी निगम बस चलाएगा

**सरकार द्वारा** सरेंडर किए गए सभी 390 रूटों पर जब तक नई निजी बसों को रूट परमिट नहीं मिल जाता तब तक निगम की बसों का संचालन जारी रहेगा। लोगों को परिवहन सुविधा में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए यह व्यवस्था की जा रही है।

### किस जिला में, कितने रूट

| | |
|---|---|
| कांगड़ा | 101 |
| बद्दी-नालागढ़ | 9 |
| कुल्लू | 20 |
| सोलन | 7 |
| शिमला | 68 |
| रामपुर | 14 |
| नाहन | 15 |
| चंबा | 11 |
| बिलासपुर | 19 |
| हमीरपुर | 18 |
| मंडी | 95 |
| ऊना | 13 |

# गांवों में भी भवन निर्माण को जरूरी होगा नक्शा

## रेगुलेशन अभी फाइनल नहीं, कैबिनेट सब-कमेटी ने मांगे सुझाव

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला**

हिमाचल के गैर योजना क्षेत्र वाले ग्रामीण क्षेत्रों में अब भवन निर्माण के लिए नक्शा लागू हो सकता है। लाइन डायाग्राम नक्शे की व्यवस्था लागू करने के लिए कैबिनेट सब कमेटी की बैठक में चर्चा हुई है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक सचिवालय में हुई। इस बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में भवनों की ऊंचाई, नदी, नाला और खड्ड से भवन की दूरी, सेट बैक के लिए जगह छोड़ना, ग्रामीण क्षेत्र में लाइन डायाग्राम नक्शा जमा करवाना इत्यादि बिंदुओं पर विस्तार से सुझाव दिए गए। कैबिनेट सब कमेटी ने इस बारे में संबंधित नियमों, कानूनों और प्रक्रिया की और जानकारी मांगी है। राज्य में बरसात के सीजन में ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे नुकसान को देखते हुए रेगुलेशन बनाने का फैसला कैबिनेट में हुआ था। इसके बाद इस बारे में कैबिनेट सब-कमेटी काम कर रही है। बैठक में सचिव अमरजीत सिंह, निदेशक पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास राघव शर्मा और अतिरिक्त निदेशक केवल शर्मा भी मौजूद रहे।

### हिम चंडीगढ़ सिटी की मुसाबी का ड्रोन सर्वे होगा

**राजस्व मंत्री** जगत सिंह नेगी में हिम चंडीगढ़ सिटी बसाने के लेकर गठित मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक की अध्यक्षता भी की। बद्दी में हिम चंडीगढ़ सिटी बसाने को लेकर उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने विस्तार से प्रस्तुति दी। राजस्व मंत्री को भूमि की सभी मुसाबी भी दिखाई गईं। हिमुडा बहुत जल्द ड्रोन सर्वे से मौसाबी को डिजिटलाइज करेगा। बैठक में बताया गया कि हाउसिंग को 3,428 बीघा भूमि अलॉट कर दी गई है। इसके अलावा कॉमन पूल की करीब पांच से छह हजार हजार बीघा भूमि भी चिन्हित कर ली गई है।

divyahimachal.com
# दिव्य हिमाचल
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया
सूर्योदय 7:29 । सूर्यास्त 5:50
धर्मशाला
शुक्रवार, 23 जनवरी, 2026
हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व उत्तराखंड में प्रसारित

सरस्वति नमस्तुभ्यं वरदे कामरूपिणि।
विद्यारम्भं करिष्यामि सिद्धिर्भवतु मे सदा॥

बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं






सुलाह : जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

# सुलाह की महिलाओं को भी मिलेंगे 1500 रुपए

## कांगड़ा प्रवास पर आए मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने जनसभा को संबोधित करते हुए की बड़ी घोषणा

**निजी संवाददाता — सुलाह**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को कांगड़ा जिला के सुलाह विधानसभा क्षेत्र की सभी पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 1500 रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने सुलाह विधानसभा क्षेत्र में राज्य विद्युत बोर्ड का डिवीजन खोलने और भवारना को नगर पंचायत बनाने की भी घोषणा की।

इस अवसर पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा जिला के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है तथा लोगों को जमीन का अच्छा मुआवजा दिया जा रहा है। कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार से पूरे क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आएगी और यहां पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगी। क्षेत्र के युवाओं को छोटी नौकरी के लिए दिल्ली, चंडीगढ़ जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उनकी यहीं पर बेहतर आय होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी क्षेत्र में भी युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए राज्य सरकार अध्यापकों के पद भर रही है। पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई शुरू की और अब सौ से ज्यादा स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित बनाया जा रहा है। भाजपा पर तीखा हमला करते हुए श्री सुक्खू ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार को वर्तमान सरकार से 50 हजार करोड़ रुपए धन अधिक मिला, लेकिन उसका सदुपयोग नहीं किया गया। पिछली सरकार के कार्यकाल में एक हजार

- सुलाह विधानसभा क्षेत्र में विद्युत बोर्ड का डिवीजन खुलेगा, भवारना को नगर पंचायत बनाने का भी ऐलान
- पूर्व भाजपा सरकार पर हमला, हमसे 50 हजार करोड़ रुपए ज्यादा धन मिला पर सदुपयोग नहीं किया

सुलाह की महिलाओं : पृष्ठ छह पर

### अग्निवीरों को 58 साल की पक्की नौकरी संग देंगे ओपीएस

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि अग्निवीर योजना शुरू होने के बाद हिमाचल प्रदेश के युवाओं का सेना से मोहभंग हो रहा है। राज्य सरकार 800 पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती में रिटायर्ड अग्निवीरों को भी भर्ती करेगी। उन्हें 58 वर्ष तक नौकरी के साथ-साथ ओपीएस भी दी जाएगी। हम ऐसी नीतियों में विश्वास नहीं रखते, जो चार साल बाद युवाओं का भविष्य समाप्त कर दें। हमारी सरकार सुरक्षित रोजगार और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### एक करोड़ के इनामी समेत 15 माओवादी ढेर

**रांची।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिला के सारंडा जंगलों में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच गुरुवार सुबह से जारी गोलीबारी में एक करोड़ के इनामी शीर्ष कमांडर अनल दा सहित 15 माओवादी मारे गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कोबरा 209 बटालियन के नेतृत्व में सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की संयुक्त फोर्स गुरुवार तड़के सरंदा वन के कुंभदिह गांव के पास माओवादी विरोधी अभियान पर थी, तभी यह मुठभेड़ हुई।

### बजट सत्र से पहले 27 को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए केंद्र सरकार ने 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें सभी दलों के नेताओं के साथ सत्र के कामकाज और महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। संसद सत्र शुरू होने से पहले सरकार की ओर से परंपरानुसार सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है। इस बार सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा और उससे पहले 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन है। ऐसे में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

### तेजस्वी यादव की सुरक्षा घटी, राजेश राम की हटी

**पटना।** बिहार में नेताओं की सुरक्षा में बदलाव किया गया है। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन समेत कई नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं तेजस्वी यादव की सुरक्षा घटाई गई है, जबकि कुछ नेताओं की सुरक्षा हटा ली गई है। तेजस्वी यादव की सुरक्षा घट गई है। उन्हें पहले जेड सुरक्षा मिलती थी। अब वाई प्लस सुरक्षा मिलेगी। वहीं, राजेश राम की सुरक्षा हटा ली गई है। उधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है।

# डोडा में गहरी खाई में गिरी सेना की गाड़ी; 10 जवान शहीद, 11 घायल

## संकरे रास्ते से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे 21 अभागे, सड़क पर बर्फ के चलते फिसली गाड़ी

**एजेंसियां — जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिला में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फुट गहरी खाई में गिर गई। इसमें 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है। हादसा भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास हुआ। डोडा के डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने बताया कि सड़क पर बर्फ होने की वजह से ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया।

सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में सवार 21 जवान डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे। सेना ने फिलहाल जान गंवाने वाले और घायल जवानों की पहचान नहीं बताई है। बता दें कि भद्रवाह-चंबा रोड जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश को जोड़ता है। रास्ते में ऊंचे पहाड़, गहरी खाइयां और घने जंगल हैं। सड़क बेहद संकरी है और कई जगह तीखे मोड़ (हेयरपिन बेंड) हैं। जहां हादसा हुआ, उस खन्नी टॉप इलाके की समुद्र तल से ऊंचाई 8200 फुट है। यहां मौसम तेजी से बदलता है। ठंड और कोहरा छाया रहता है। बर्फबारी के बाद यह रास्ता ज्यादा खतरनाक हो जाता है। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि देश अपने बहादुर सैनिकों की उत्कृष्ट सेवा और उनके सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखेगा। उपराज्यपाल ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश एकजुट होकर उनके साथ खड़ा है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायल जवानों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित



जम्मू : डोडा में ऊपरी पोस्ट पर जाते वक्त सेना का वाहन खाई में गिर गया। घटनास्थल पर गाड़ी के परखचे खुद बता रहे हैं कि हादसा कितना भयानक था

- जम्मू-कश्मीर- हिमाचल को जोड़ने वाले भद्रवाह-चंबा रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा
- एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल में पहुंचाए गए सभी घायल जवान
- गृहमंत्री अमित शाह-रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित कई नेताओं ने जताया शोक

डोडा में गहरी : पृष्ठ छह पर

# कुल्लू में दिल्ली के तीन पर्यटकों की मौत

**कार्यालय संवाददाता — कुल्लू**

जिला कुल्लू में चंडीगढ़-मनाली एनएच पर दिल्ली के पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर पैरापिट से टकरा गई, जिससे कार में सवार मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रैफर किया गया है। यह हादसा गुरुवार सुबह करीब आठ बजे आईटीबीपी कैंप बबेली के गेट के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार दिल्ली से छह पर्यटक एक्सयूवी (पीबी-01 एन-1071) सवार होकर पर्यटन नगरी मनाली में घूमने के लिए आ रहे थे। जैसे ही गाड़ी बबेली के पास पहुंची, तो अनियंत्रित होकर पैरापिट से टकरा गई। गाड़ी इतनी तेजी से टकराई कि उसमें सवार दो महिलाओं और एक बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बबेली सड़क हादसे में मारे गए लोगों की पहचान 40 वर्षीय सोनिया, 26 वर्षीय साक्षी और उनके पांच वर्षीय बेटे देवांश के रूप में हुई है। घायलों में साक्षी के पति 38 वर्षीय सचिन पुत्र हरीश अरोड़ा, 11 वर्षीय अभीका पुत्री सचिन और 37 वर्षीय साहिल निवासी सुभाषनगर दिल्ली शामिल हैं। एसपी कुल्लू मदन लाल ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि शवों



- बबेली के पास हादसे के तीन घायल चंडीगढ़ रैफर

कुल्लू में दिल्ली : पृष्ठ छह पर

# चांदी 19,386; सोना 3,099 रुपए सस्ता

## लगातार तीन दिन की तेजी के बाद आई कीमतों में गिरावट

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — नई दिल्ली**

पिछले दिनों में आई बड़ी तेजी के बाद गुरुवार को हुई मुनाफावसूली के चलते सोना-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट का दौर रहा। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार चांदी पांच फीसदी या करीब 19 हजार प्रति किलो गिर गई। चांदी गुरुवार सुबह 3,03,584 रुपए पर खुली और 2,99,711 रुपए पर बंद हुई। बुधवार को यह 3,19,097 लाख रुपए पर बंद हुई थी और कारोबार के दौरान इसने 3,20,075 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। गुरुवार को सोना भी 3,099 रुपए गिरकर 1,51,128 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। एक दिन पहले सोने ने 1,55,204 रुपए का हाई बनाया था। फिर 1,54,277 रुपए पर बंद हुआ था।



- एक किलो चांदी घटकर तीन लाख पर आई, सोना 1.51 लाख प्रति दस ग्राम पर

### निवेशकों को थोड़े इंतजार की सलाह

**अगर** आप नई खरीदारी या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो एक्सपर्ट्स का मानना है कि थोड़ा और इंतजार करना सही रहेगा। अभी मुनाफावसूली का दौर चल रहा है, जिससे कीमतों में और गिरावट की संभावना है। वहीं, जिन लोगों ने ऊंचे भाव पर चांदी खरीदी है, उन्हें घबराने के बजाय लंबी अवधि के लिए होल्ड करने की सलाह दी गई है, क्योंकि फंडामेंटल्स अब भी मजबूत हैं।

# किश्तवाड़ से भागे तीन आतंकी, चंबा में हाई अलर्ट

## फरार आतंकवादियों की तलाश में जम्मू से सटे बॉर्डर एरिया में सर्च अभियान जारी

**स्टाफ रिपोर्टर — शिमला**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में हुए आतंकी हमले के बाद हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है। आतंकियों के फरार होने की सूचना के बाद सभी एजेंसियां व पुलिस अलर्ट हैं।

चंबा जिला के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। जम्मू-कश्मीर से सटी जिला की सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है और हर रास्ते पर सख्त पहरा लगाया गया है। पुलिस टीमें हर गतिविधि पर पैनी निगाह रखे हुए हैं। बॉर्डर एरिया में आने वाले वाहनों को भी तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। पुलिस टीमों ने फरार आतंकियों की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया है। सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस, होमगार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। गौर हो कि चंबा जिला की करीब 216 किलोमीटर लंबी अंतरराज्यीय सीमा जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील जिलों डोडा और कठुआ से लगती है। चंबा जिला के संसारी नाला, खैरी में सेवा वृज, लंगेरा और तुनू हट्टी में बैरियर और चेक पोस्ट सील कर दी गई हैं। ऐसे में हर आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी ली जा रही है। डोडा-किश्तवाड़ होते हुए जम्मू से चंबा की ओर आने वाले प्रत्येक वाहन की जांच की जा रही है। वाहनों के दस्तावेजों के साथ-साथ यात्रियों की पहचान भी बारीकी से जांची जा रही है।

बता दें कि बीते दिनों किश्तवाड़ में आतंकियों और सुरक्षबलों में मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक जवान शहीद और सात अन्य घायल हो गए थे। मुठभेड़ के बाद से आतंकी, जिनकी संख्या तीन बताई जा रही है, फरार



- जम्मू-कश्मीर से सटी चंबा जिला की 216 किलोमीटर सीमा सील
- बॉर्डर एरिया में आ रहे वाहनों को तलाशी के बाद दिया जा रहा प्रवेश
- संसारी नाला, लंगेरा, खैरी और तुनू हट्टी में बनाए बैरियर और चेक पोस्ट

किश्तवाड़ से भागे : पृष्ठ छह पर

### राहुल-खड़गे के सिर पर गमछा, कंधे पर कुदाल




नई दिल्ली। राष्ट्रीय मनरेगा श्रमिक सम्मेलन में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे सिर पर गमछा बांधे और कंधे पर कुदाल रखे नजर आए

# भगदड़ रोकने के निर्देश देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर देश में भगदड़ रोकने के निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया है। इस याचिका में धार्मिक आयोजनों, राजनीतिक रैलियों और यात्राओं में भगदड़ के रोकने के लिए निर्देशों की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की बैंच ने याचिकाकर्ता को केंद्रीय गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग के पास इस मामले को ले जाने को कहा। यह याचिका तुम्बलम गूटी वेंकटेश द्वारा दायर की गई थी। इसमें उच्चतम न्यायालय से मांग की गई थी कि केंद्र सरकार को सार्वजनिक समारोह में भीड़ नियंत्रण करने के मानक संचालन



- याचिकाकर्ता को गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग के पास जाने को कहा

भगदड़ रोकने के : पृष्ठ छह पर

### भोजशाला में पूजा के साथ नमाज भी होगी

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के धार जिला में विवादित भोजशाला में शुक्रवार को बसंत पंचमी के दिन पूजा के साथ नमाज भी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला देते हुए कहा कि हिंदुओं को सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा करने की अनुमति होगी। वहीं, मुसलमानों को दोपहर एक बजे से तीन बजे तक शुक्रवार की नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है। हिंदू और मुस्लिम समूहों ने 23 जनवरी, शुक्रवार को भोजशाला परिसर में धार्मिक गतिविधियों के लिए अनुमति मांगी थी। बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा और शुक्रवार की नमाज के चलते मामले में पेचीदगी आ गई थी, जिसका हल कोर्ट ने निकाल दिया है।

# दिल्ली की हवा होने लगी साफ, अब ग्रैप-3 भी हटा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर इलाकों की हवा गुरुवार को और साफ होते ही ग्रैप-3 की पाबंदियों को भी हटा लिया गया है। बता दें कि एक दिन पहले ही ग्रैप-4 हटाया गया था। अब दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-1 और ग्रैप-2 लागू रहेगा। मौसम की स्थिति में सुधार होने के कारण दिल्ली का एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) बेहतर हो रहा है। गुरुवार को एक्यूआई 322 रहा।



## दिन की खबर

### जवानों की शहादत पर जताया शोक

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिला में सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के 10 वीर जवानों की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। सीएम ने कहा कि उनके सर्वोच्च बलिदान और देश सेवा को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। उन्होंने दिवंगत की आत्माओं की शांति और ईश्वर से शोकग्रस्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की प्रार्थना की। राज्यपाल व सीएम ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की।

### सड़क दुर्घटना में सैनिक की मौत

**पांवटा साहिब।** भारतीय सेना के जम्मू-कश्मीर में तैनात जवान ग्रेनेडियर कपिल की सड़क हादसे में शाहदत हो गई है। वह पिछले सात वर्षों से सेना में अपनी सेवाएं दे रहे थे और आजकल छुट्टी पर आए थे। आठ जनवरी को उतराखंड के सेलाकुई में सड़क दुर्घटना में कपिल को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके लिए उनको अस्पताल में दाखिल करवाया गया। बुधवार रात गंभीर हालातों से जुझ रहे वीर सैनिक ने रात्रि आखिरी सांसें लीं। ग्रेनेडियर कपिल बहुत बहादुर और साहसी सैनिक थे।

### जेल में अंडर ट्रायल कैदी वार्डन से उलझा

**हमीरपुर।** जिला कारागार में अंडर ट्रायल चल रहा कैदी गुरुवार सुबह के समय ड्यूटी पर तैनात वार्डन से उलझ गया। कैंटीन जाने का बहाना बनाकर यह कैदी वार्डन के पास जाकर पहुंचा और उसकी ड्यूटी में बाधा पहुंचाई। बताया जाता कि दो दिन पूर्व इसकी तलाशी ली गई थी और इस बात से इसके मन में मलाल था। ड्यूटी पर तैनात वार्डन के माध्यम से मामला पुलिस थाना हमीरपुर में दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हमीरपुर में 1000 डिफाल्टरों को नोटिस

**हमीरपुर।** जिला में बिजली बोर्ड के एक हजार से अधिक उपभोक्ता डिफाल्टर निकले हैं। बिजली बोर्ड के माध्यम से विद्युत बिलों की अदायगी समय पर न करने वालों की सूची तैयार की गई, तो इनका आंकड़ा एक हजार से अधिक सामने आया है। एसडीओ स्तर पर यह सूची तैयार की गई है। इनके पास बिजली बोर्ड के लाखों रुपए फंसे हुए हैं। इनमें अधिकांश व्यवसायिक उपभोक्ता बताए जा रहे हैं। डिफाल्टरों की सूची सामने आने के बाद अब इन्हें बोर्ड की तरफ से नोटिस जारी किए गए हैं।

### पहली बार हेलि टैक्सी से रिकांगपिओ पहुंचे यात्री

**रिकांगपिओ।** जनजातीय जिला किन्नौर के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक बन गया। उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़न) योजना के तहत शिमला से रिकांगपिओ हेलि टैक्सी सेवा औपचारिक रूप से आम जनता के लिए शुरू हो गई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 21 जनवरी को शिमला से हेलिपोर्ट से इस सेवा का शुभारंभ किया था, जबकि रिकांगपिओ से शिमला के लिए हवाई सेवा को हरी झंडी कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने दी।

# आज बारिश-बर्फबारी का अलर्ट

## प्रदेश में ओलावृष्टि; तेज़ तूफान के साथ बिजली गिरने के आसार, ऊना-कांगड़ा-बिलासपुर में झमाझम

**कार्यालय संवाददाता — शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से जारी ड्राई स्पैल से बीच गुरुवार शाम से ही मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। प्रदेश के सभी जिलों में 23 जनवरी को बारिश और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रो में बर्फबारी की संभावना व्यक्त की गई है। विभाग के मौसम वैज्ञानिक डा. संदीप ने कुल्लू, लाहुल-स्पीति और चंबा में गुरुवार रात से ही बर्फबारी होने की संभावनाएं व्यक्त की हैं। इन जिलों में विभाग द्वारा बर्फबारी का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है, वहीं मैदानी क्षेत्रों में जिला ऊना, कांगड़ा बिलासपुर में बारिश का यलो



अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने बर्फबारी, बारिश, ओलावृष्टि, तेज़ तूफान और बिजली गिरने को लेकर यलो और ओरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 23 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ के अधिक सक्रिय होने के चलते पर्वतीय इलाकों में भारी बर्फबारी और मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दिन भी 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। 24 जनवरी को मौसम खराब बना रह सकता है, लेकिन कोई अलर्ट नहीं है, जबकि पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम खराब रहने की संभावनाएं व्यक्त की गई हैं। 25 जनवरी को मौसम साफ रहने का अनुमान है, जबकि 26 से 28 जनवरी के बीच फिर से तेज़ बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के आसार जताए गए हैं। हालांकि इन दिनों के लिए फिलहाल कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है, सबसे कम तापमान लाहौल-स्पीति के ताबो में माइनस 8.7 डिग्री और कुकुमसेरी में माइनस 7.1 डिग्री रहा, इसके बाद कल्पा में माइनस 2.0 डिग्री दर्ज हुआ, रिकांगपिओ 0.4, सेओबाग 0.5, बरठीं 0.3, भुंतर 1.0, सुंदरनगर 1.4, हमीरपुर 1.3, सोलन 1.6, मनाली 1.5, मंडी 2.5, पालमपुर 3.0, ऊना और कांगड़ा 3.4, बिलासपुर 3.5, कुफरी 4.0, धर्मशाला 5.0, शिमला 5.6, जुब्बड़हट्टी 6.2, नाहन 6.7, सराहन 7.8, पांवटा साहिब 8.0, कसौली 8.5, नेरी 8.6 और देहरा गोपीपुर में 9.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

**ड्राई स्पैल टूटने की उम्मीद**

**मौसम** के बदलने से लंबे समय से चले आ रहे ड्राई स्पैल के टूटने की भी संभावना है, जिसका असर खेती पर पड़ेगा, खासकर मैदानी इलाकों में पिछले तीन महीनों से बारिश न होने के कारण सूखे जैसे हालात बन गए हैं और गेहूं की फ सल नुकसान के कगार पर है। मौसम विभाग ने लोगों और पर्यटकों को खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर ऊंचाई वाले इलाकों की यात्रा में सतर्कता बरतने को कहा गया है।

## जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण बेंच शुरू



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वस्तु एवं सेवा कर से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की हिमाचल प्रदेश बेंच शिमला में औपचारिक रूप से कार्यशील हो गई है। शिमला में के खलीनी में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण बेंच का कामकाज शुरू हो गया है। जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण बेंच के शुभारंभ अवसर पर एके श्रीवास्तव, सदस्य (न्यायिक), एचबी नेगी सदस्य (तकनीकी) तथा अमित कश्यप, सदस्य (तकनीकी) की उपस्थिति रही। इस दौरान केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर आयुक्त, शिमला ने अपने पूरे अधिकारी और कर्मचारी दल के साथ माननीय सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें कार्यभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं। जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण का गठन अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में विवादों के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच माना जाता है। अब तक करदाताओं को अपील के मामलों में राज्य से बाहर जाना पड़ता था।

## ऊना में बैंक के कब्जे में आई संपत्तियां प्रदर्शित



**शिमला।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रायजादा रिजॉर्ट ऊना में एक संपत्ति एक्सपो का आयोजन किया गया, जिसमें सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत बैंक के कब्जे में आई संपत्तियों को प्रदर्शित किया गया। इस एक्सपो का उद्देश्य संभावित खरीदारों को जागरूक करना तथा बैंक के स्वामित्व वाली संपत्तियों का पारदर्शी निपटान सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में स्थानीय प्रॉपर्टी डीलरों एवं आम जनता की उत्साहजनक भागीदारी रही। प्रतिभागियों ने प्रदर्शित संपत्तियों में गहरी रुचि दिखाई और बैंक अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, शिमला से प्रदीप कुमार सिंह एवं अजीत सिंह व ऊना शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक जितेंद्र मेहता उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने सरफेसी संपत्तियों की खरीद के लाभों पर प्रकाश डाला तथा त्वरित व प्रभावी वसूली के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस पहल को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और इससे सरफेसी संपत्तियों के शीघ्र निपटान में सहायता मिलने की उम्मीद है

## रोहड़ू में देवता बाण का मंदिर जला, पुश्तैनी धरोहर राख

**स्टाफ रिपोर्टर — रोहड़ू**

उपमंडल रोहड़ू के अंतर्गत मंडलगढ़ क्षेत्र के मलखून गांव में देवता बाण के मंदिर में आगजनी की घटना सामने आई है। इस घटना में सैकड़ों वर्ष पुराना मंदिर राख के ढेर में तब्दील हो गया है। लाखों की पुश्तैनी धरोहर एवं भंडार में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक घटना गुरुवार सुबह करीब पांच बजे की है। जब पास के जंगल में सुलगी आग की भयानक लपटों ने देवता बाण के मंदिर को अपने आगोश में ले लिया। मंदिर के पुजारी व सदस्यों ने बताया कि प्रदेश में सूखे के चलते मंदिर के पास के जंगल में दिन के समय आग भड़क गई



थी, जिसे सैकड़ों ग्रामीणों ने रात 12 बजे तक बुझा लिया था, लेकिन रात के समय यही आग फिर से सुलग जाने से मंदिर की तरफ बढ़ गई। तहसीलदार रोहड़ू धीरज शर्मा ने बताया कि जंगल में सुलगी आग की लपटों के आगोश में देवता बाण का मंदिर पूरी तरह जला है।

# चिट्टे के साथ कांस्टेबल सहित तीन काबू

## शिमला पुलिस टीम ने शोघी बैरियर पर गिरफ्तार किए आरोपी

**स्टाफ रिपोर्टर — शिमला**

शिमला पुलिस के स्पेशल सैल की टीम ने चिट्टे के साथ कार सवार एक पुलिस कर्मी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपियों से 9.480 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने चिट्टे के साथ पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना बालूगंज में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। चिट्टे के केस में पकड़ा गया आरोपी पुलिस कांस्टेबल शिमला में ही तैनात था। गौर हो कि बीते दिनों प्रदेश सरकार ने चिट्टे के केसों में संलिप्त पाए गए एक इंस्पेक्टर सहित 11 पुलिस कर्मियों को बर्खास्त किया था। इसके बाद अब शिमला पुलिस की



टीम ने अब एक पुलिस कांस्टेबल सहित तीन युवकों को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। स्पेशल सैल की टीम ने गत बुधवार देर रात शोघी बैरियर पर गश्त के दौरान एक कार की तलाशी के दौरान 9.480 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। कार में तीन युवक सवार थे। आरोपियों की पहचान सिरमौर के नौहराधार निवासी विकास कुमार (32), शिमला के जुन्गा निवासी राहुल कुमार (35) और मंडी के जोगिंद्रनगर निवासी गौरव भारद्वाज उम्र 23 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने चिट्टे के साथ पकड़े गए तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी शिमला संजीव गांधी का कहना है कि पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने चिट्टे के साथ पकड़े गए पुलिस कांस्टेबल सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं सुन्नी थाना क्षेत्र के तहत हरलोटी क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 'ऊना नंबर-वन' ब्रांड की 24 बोतलें शराब बरामद की गईं। आरोपी की पहचान हरलोटी निवासी नोकू राम के रूप में हुई है।

# दवा-मेडिकल सैंपल की ड्रोन से सप्लाई

## एम्स बिलासपुर की बड़ी पहल, एजेंसी हायर करने की प्रक्रिया आरंभ

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — बिलासपुर**

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक तेज़, आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर ने एक अहम और तकनीकी रूप से उन्नत कदम उठाया है। एम्स बिलासपुर में अब ड्रोन की मदद से दवाइयों की आपूर्ति और मेडिकल सैंपल भेजने की सुविधा शुरू की जा रही है। इसके लिए संस्थान प्रबंधन ने ड्रोन संचालन के लिए एजेंसी हायर करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। एम्स बिलासपुर ने वर्ष 2025 की शुरुआत में ड्रोन सेवा का सफल ट्रायल किया था। इस ट्रायल के दौरान एम्स बिलासपुर से टीबी जांच से संबंधित मेडिकल सैंपल ड्रोन के माध्यम से सोलन स्थित टीबी अस्पताल भेजे गए थे। यह ट्रायल पूरी तरह सफल रहा था। इसके बाद एम्स प्रशासन ने इस सेवा को नियमित रूप से शुरू करने का निर्णय लिया है। एम्स प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन क्षेत्रों में



सड़क संपर्क सीमित है या मौसम के कारण आवागमन बाधित रहता है, वहां ड्रोन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी। इससे न केवल समय की बचत होगीए बल्कि मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगाए जिससे जान बचाने में मदद मिलेगी।एम्स प्रशासन का मानना है कि ड्रोन सेवा शुरू होने से संस्थान की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। यह तकनीक न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाएगी, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सहायता पहुंचाने में भी मील का पत्थर साबित होगी।

- ट्रायल सफल होने के बाद नियमित रूप से शुरू होगी सेवा

**एक प्रशिक्षित पायलट और दो को-पायलट किए जाएंगे नियुक्त**

**ड्रोन** सेवा के सुचारू संचालन के लिए एम्स बिलासपुर में एक ड्रोन की तैनाती की जाएगी। इसके संचालन हेतु मानव संसाधन की भी व्यवस्था की जा रही है। इसमें एक प्रशिक्षित पायलट और दो को-पायलट नियुक्त किए जाएंगे। यह टीम ड्रोन के संचालन, निगरानी, उड़ान नियंत्रण और तकनीकी देखरेख की जिम्मेदारी संभालेगी।

## एपीएल परिवारों को 14 के बजाय 13 किलो मिलेगा आटा

**स्टाफ रिपोर्टर — धर्मशाला**

- प्रदेश के डिपुओं में अगले महीने से घटेगा कोटा

सस्ते मूल्यों की दुकानों डिपुओं में हिमाचल प्रदेश के साढ़े 19 लाख राशन कार्ड धारकों को सबसिडी पर सस्ता राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इसमें हर माह गरीब रेखा से ऊपर एपीएल परिवारों को 14 किलो आटा 12 रुपए के हिसाब से, जबकि छह किलोग्राम चावल 13 रुपए प्रतिकिलो के हिसाब से प्रदान किए जाते हैं। अगले माह फरवरी में सिर्फ एपीएल परिवारों को 14 के बजाय 13 किलो आटा प्रदान किया जाएगा, जबकि हर माह की तरह छह किलो चावल प्रति परिवार प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एनएफएसए, गरीबी रेखा से नीचे बीपीएल व प्राइमरी हाउस होल्ड पीएचएच को हर माह की तरह ही प्रति परिवार 35 किलोग्राम



मुफ्त राशन प्रदान किया जाएगा। उक्त 35 किलो राशन में 15 किलो चावल पूरी तरह से मुफ्त प्रदान किए जाएंगे। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग कांगड़ा के जिला नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि फरवरी माह में मात्र एपीएल परिवारों को ही 13 किलो आटा प्रदान किया जाएगा, जबकि अन्य परिवारों को 18 किलो 800 ग्राम आटा एक रुपए 20 पैसे के हिसाब से व 15 किलो चावल नि:शुल्क दिए जाएंगे।

## भूकंप के झटकों से सहमा गोहर, लोगों में हड़कंप

**गोहर।** गत तीन दिनों से बार-बार महसूस किया जा रहे भूकंप के झटकों से गोहर क्षेत्र के लोग सहम गए हैं। दिन में दो या इससे अधिक तथा आधी रात के समय हो रहे भूकंप के झटकों ने जहां दिन के समय लोगों की चैन बेचैन करके रख दी है, वहीं रात में नींद भी हराम कर दी है। हालांकि भूकंप के हो रहे इन झटकों से अभी तक किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं है, लेकिन फिर भी बार-बार लग रहे इन झटकों से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कांढा के 96 वर्षीय नंद लाल शर्मा का कहना है कि उन्होंने अपनी इस उम्र में एक दिन में तीन बार कभी भी भूकंप के झटके महसूस नहीं किए। बार-बार महसूस हो रहे ये झटके भविष्य में किसी अप्रिय घटना के संकेत तो नहीं हैं। दाण पंचायत के अंतर्गत कपाहाड़ी गांव के 88 वर्षीय हेतराम ने भी बार-बार महसूस किए जा रहे भूकंप के झटकों को भविष्य के लिए खतरे का संकेत करार दिया है।

# चंबा में खाई में गिरी निजी बस

## भटियात के समोट में बड़ा हादसा टला, सुरक्षित बाहर निकाले यात्री

**कार्यालय संवाददाता — सिहुंता**

भटियात के समोट कस्बे में गुरुवार को समोट-ददरियाडा रूट की निजी बस के अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। इस हादसे में जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। बस में सवार कुछेक लोगों को मामूली चोटें आई हैं। दो घायलों को एहतियात के तौर पर मेडिकल कालेज टांडा रैफर किया गया है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। गुरुवार सुबह निजी बस समोट कस्बे के टैक्सी स्टैंड के समीप चौक पर दूसरी बस की सवारियों



का इंतजार कर रही थी। चालक ने बस को जैसे ही स्टार्ट किया, तो ब्रेक न लगने के कारण न्यूटल होकर ढलान होने के कारण अपने आप सरकने लगी। घटना के वक्त बस करीब एक दर्जन सवारियां मौजूद थीं। बस को सरकता देख इसमें सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस सड़क से करीब 30 से 40 मीटर तक सीधे सरकते हुए खाई में जा गिरी। हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने लोगों ने खाई में उतरकर बस में फंसी सवारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। एसपी चंबा विजय कुमार सकलानी ने बताया कि इस संदर्भ में बस चालक के खिलाफ सिहुंता पुलिस थाना में मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# बिलासपुर प्रकरण की जांच को समिति तय

## प्रदेश परिवहन निदेशालय ने फर्जी दस्तावेजों पर आई शिकायतों पर लिया एक्शन

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश परिवहन निदेशालय ने बिलासपुर सदर एसडीएम कार्यालय की आरएलए ब्रांच में कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वाहनों के पंजीकरण को लेकर प्राप्त शिकायतों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। यह आदेश परिवहन निदेशालय के पूर्व कार्यालय आदेश दिनांक 21 नवंबर, 2025 के आंशिक संशोधन के तहत जारी किया गया है। अगले पंद्रह दिनों के भीतर जांच कर पूरी रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए कहा गया है। कमेटी की अध्यक्षता सचिव राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) करेंगे। कमेटी में तिलोक चंद उप प्रबंधक (आईटी) परिवहन निदेशालय शिमला और पंकज सिंह वरिष्ठ मोटर वाहन निरीक्षक आरटीओ कार्यालय शिमला को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। शिकायत में कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसमें जिला बिलासपुर में फर्जी दस्तावेजों, अनधिकृत एनओसी और मैनुअल एंट्री के आधार पर वाहनों के पंजीकरण का आरोप लगाया गया है। विशेष रूप से एचपी 97 (इंदौरा) बीएस-4 सहित अन्य सीरीज में बिना उचित सत्यापन के वाहन पंजीकरण किए जाने और कुछ बाहरी व्यक्तियों की संलिप्तता का भी उल्लेख किया गया है।

### आरएलए ब्रांच में घपलेबाजी पर सीनियर असिस्टेंट सस्पेंड

**बिलासपुर।** दिल्ली क्राइम ब्रांच द्वारा सदर बिलासपुर आरएलए ब्रांच में हुई घपलेबाजी के मामले में गिरफ्तार किए गए सीनियर असिस्टेंट को सस्पेंड कर दिया गया है। इस संदर्भ में जिला प्रशासन की ओर से डायरेक्टर लैंड रिकार्ड को पत्र लिखा गया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए डायरेक्टर लैंड रिकार्ड की तरफ से संबंधित कर्मी को सस्पेंड किए जाने के बारे में लिखित तौर पर सूचित किया है। मामले में एक अन्य कर्मचारी भी शामिल है, जिसका नाम दिल्ली क्राइम ब्रांच की एफआईआर में दर्ज है। इसकी गिरफ्तारी के लिए टीम बिलासपुर पहुंच चुकी है, लेकिन वह फरार हो चुका है। फरार कर्मी आरएलए ब्रांच सदर बिलासपुर में लंबे समय तक कार्यरत रहा है और गड़बड़ियों में यह भी गंभीर आरोपों के घेरे में है। सस्पेंड किया गया कर्मचारी आरएलए ब्रांच में डीलिंग हैंड के पद पर रहते हुए वाहनों से संबंधित दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ करता रहा। चोरी के वाहन, लोन डिफॉल्ट वाहन और टोटल लॉस घोषित गाड़ियों के चेसिस नंबरों से छेड़छाड़ कर फर्जी तरीके से उनका पंजीकरण कराया जाता था। उधर, उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया है और उसके खिलाफ विभागीय जांच बिठाई गई है।

## पीएमजीएसवाई टीम को केंद्रीय मंत्री की शाबासी

**वरिष्ठ संवाददाता — शिमला**

- ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज चौहान ने पीडब्ल्यूडी मंत्री को भेजा पत्र

राज्य के लोक निर्माण विभाग की पीएमजीएसवाई टीम को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने शाबासी दी है। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में प्रदेश को मिली 294 सड़कों की मंजूरी पद जनता को बधाई दी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह को एक पत्र भेज कर तय समय-सीमा में सड़कों के टेंडर करने का भी आग्रह किया है। विक्रमादित्य सिंह ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर सकारात्मक प्रयासों के सकारात्मक परिणाम शीर्ष के साथ इस पत्र को सांझा किया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बुधवार को हिमाचल को बड़ी सौगात देते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में 294 सड़कों के निर्माण को अपनी मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीडब्लयूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह को एक पत्र भी इस बावत भेजा है। जिसमें सड़कों की मंजूरी का जिक्र केंद्रीय मंत्री ने किया है और कहा है कि स्वीकृत कार्यों के टेंडर मंत्रालय द्वारा स्वीकृत तिथि से 72 दिनों की अवधि में हो और उसके बाद इन्हें जल्द पूरा किया जाए।

**कसरत** | मत्स्य पालन निदेशालय बिलासपुर में अधिकारियों ने प्रभावी योजना पर की चर्चा

# प्रदेश में दोगुना होगा मत्स्य बीज उत्पादन

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश में मत्स्य बीज उत्पादन को सुदृढ़, आधुनिक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल करते हुए मत्स्य पालन विभाग द्वारा निदेशालय बिलासपुर में बेस्ट मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज एवं टेक्नोलॉजी इन्फ्यूजन के माध्यम से प्रदेश में फिश सीड प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता निदेशक मत्स्य विवेक चंदेल ने की। प्रदेश के सभी फील्ड अधिकारियों विशेष रूप से राज्य के विभिन्न मत्स्य फार्मों के प्रभारी



अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में मछली बीज उत्पादन को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ बनाना रहा, ताकि मत्स्य क्षेत्र को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त किया जा सके। मत्स्य निदेशक विवेक चंदेल ने बताया कि प्रदेश में मत्स्य बीज उत्पादन को दोगुना करने की दिशा में विभाग ठोस रणनीति के साथ कार्य कर रहा है। वर्तमान में प्रदेश में कार्प प्रजाति की मछलियों के बीज यानी अंडों का उत्पादन लगभग 30 लाख तथा ट्राउट मछलियों के अंडों का उत्पादन लगभग 20 लाख किया जा रहा है, जिसे आगामी समय में बढ़ाकर लगभग दोगुना करने की योजना है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश एवं विदेश में प्रचलित श्रेष्ठ प्रबंधन पद्धतियों को अपनाया जाएगा तथा नवीनतम तकनीकों को प्रदेश के सभी मत्स्य फार्मों में चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा जिससे उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जा सके। निदेशक ने बताया कि मछली बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ब्रूड स्टॉक मैनेजमेंट पर विशेष फोकस किया जाएगा तथा अंडे देने वाली मछलियों के लिए विशेष आहार व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उच्च गुणवत्ता का उत्पादन संभव हो सके। इसके अतिरिक्त मछली उत्पादन के लिए जल के विभिन्न पैरामीटर की नियमित निगरानी की जाएगी तथा मत्स्य उत्पादन से संबंधित पर्यावरणीय परिस्थितियों को और अधिक अनुकूल एवं उपयुक्त बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

- कार्प मछली के बीज का उत्पादन 30 लाख, ट्राउट के अंडों का 20 लाख का लक्ष्य

## अवैध बिक्री पर ट्रिब्यूनल सख्त सब-रजिस्ट्रार पर एफआईआर


**स्टाफ रिपोर्टर — धर्मशाला**

- मामले से जुड़े अन्य तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ भी मामला दर्ज

हिमाचल प्रदेश वक्फबोर्ड की भूमि से जुड़े एक गंभीर मामले में प्रदेश वक्फ ट्रिब्यूनल ने कड़ा रुख अपनाते हुए अवैध बिक्री, गिफ्ट डीड और बंधक दस्तावेजों को रद्द कर दिया है। साथ ही दस्तावेजों के कथित अवैध पंजीकरण के लिए तत्कालीन संबंधित सब-रजिस्ट्रार व अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। ट्रिब्यूनल के आदेशों के अनुपालन में पुलिस विभाग कांगड़ा की ओर से पुलिस थाना धर्मशाला में 21 जनवरी बुधवार को एफआईआर नंबर 14/2026 दर्ज की गई है। यह एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 166(ए) लोक सेवक द्वारा कानून का उल्लंघन और 120.बी (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार उप मोहल्ला धर्मशाला स्थित 156.86 वर्ग मीटर भूमि वर्ष 2005-06 से हिमाचल प्रदेश वक्फ बोर्ड के स्वामित्व में दर्ज है। वर्ष 2007 में वक्फबोर्ड ने इस भूमि में से 150 वर्ग मीटर क्षेत्रफल को कनवर पाल सिंह को किरायेदार के रूप में लीज पर दिया था, जिसमें तीन मंजिला भवन निर्माण की अनुमति दी गई थी।

# स्कूल प्रिंसीपल संभालेंगे डीडीओ की जिम्मेदारी

**कार्यालय संवाददाता-शिमला**



हिमाचल प्रदेश के सरकारी उच्च विद्यालयों में जहां नियमित प्रधानाचार्यों का पद रिक्त है, वहां प्रशासनिक और वित्तीय कार्यों को सुचारू बनाए रखने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने अहम कदम उठाया है। विभाग ने ऐसे विद्यालयों के लिए पास के सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अतिरिक्त रूप से डीडीओ की जिम्मेदारी भी दी गई है। यह आदेश निदेशक स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी किया गया है।

### इन्हें सौंपा कार्यभार


**शिक्षा विभाग** द्वारा नंदपुर भटोली स्कूल के लिए गुलेर स्कूल के प्रधानाचार्य, वहीं सरद डोगरी स्कूल के लिए सलेटी स्कूल के प्रधानाचार्य, जिला शिमला के बघथल स्कूल के लिए बलदेयां स्कूल के प्रधानाचार्य को यह जिम्मा दिया गया है।

### अस्थायी नियुक्ति

**शिक्षा विभाग** ने स्पष्ट किया है कि यह जिम्मेदारी अस्थायी है और नियमित प्रधानाचार्य की नियुक्ति होते ही स्वत: समाप्त हो जाएगी। अतिरिक्त कार्यभार के लिए प्रधानाचार्यों को कोई अतिरिक्त वित्तीय लाभ या भत्ता देय नहीं होगा।

# नर्सरी से पहली कक्षा तक आयु सीमा तय

## उच्च शिक्षा निदेशालय ने जारी किए आदेश; सभी स्कूलों को नियमों का करना होगा पालन, लापरवाही करने पर कार्रवाई



**नगर संवाददाता- धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुरूप नर्सरी से कक्षा-पहली तक प्रवेश के लिए आयु मानदंड स्पष्ट कर दिए हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग द्वारा 24 दिसंबर 2025 को जारी निर्देशों को लागू करने हेतु निदेशालय उच्च शिक्षा ने आदेश जारी किए हैं। यह आदेश प्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों पर समान रूप से लागू होंगे। जारी निर्देशों के अनुसार नर्सरी कक्षा में प्रवेश के लिए बच्चे की आयु संबंधित शैक्षणिक वर्ष की 30 सितंबर तक तीन वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार एलकेजी में प्रवेश के लिए 30 सितंबर तक चार वर्ष, यूकेजी के लिए पांच वर्ष तथा कक्षा-पहली में प्रवेश के लिए बच्चे की आयु 30 सितंबर तक छह वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। विभाग ने कहा है कि प्रवेश प्रकिया में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए, ताकि प्रदेशभर में नर्सरी से कक्षा-पहली तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के अनुसार संचालित हो सके।

### बच्चों का एक साल नहीं होगा खराब

**पुराने नियमों के** अनुसार अप्रैल माह में यदि बच्चा छह वर्ष की आयु पूर्ण नहीं करता था तो उसे पहली कक्षा में एडमिशन नहीं मिल पाती थी जिस कारण कई बच्चों का एक वर्ष व्यर्थ हो जाता था। इन नियमों में अब संशोधन कर के संबंधित शैक्षणिक वर्ष के 30 सितंबर तक का समय दिया गया है जिस कारण एडमिशन के समय तय आयु सीमा पार न कर पाने वाले बच्चे भी एडमिशन ले पाएंगे। इस प्रकार बच्चों को एडमिशन के लिए छह माह का अतिरिक्त समय मिल पाएगा व 30 सितंबर तक न्यूनतम आयु सीमा पार करने वाले बच्चे भी एडमिशन ले पाएंगे। यह आयु मानदंड शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा-15 तथा हिमाचल प्रदेश आरटीई नियम, 2025 के नियम-6 के अंतर्गत निर्धारित किए गए हैं।

- नर्सरी में तीन, एलकेजी में चार, यूकेजी में पांच, पहली कक्षा में छह साल उम्र जरूरी
- 30 सितंबर तक न्यूनतम आयु सीमा पार करने वाले बच्चे ले पाएंगे एडमिशन
- बच्चों के साथ अभिभावकों के लिए राहत

### जरूरी दिशानिर्देश

**शिक्षा विभाग ने** स्पष्ट किया है कि पूर्व में जारी निर्देशों में आंशिक संशोधन करते हुए यह आयु मानदंड अपनाए गए हैं, ताकि राज्य में प्रवेश प्रक्रिया को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप एकरूप बनाया जा सके। निदेशक स्कूल शिक्षा को इन निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया के दौरान इन नियमों का कड़ाई से पालन किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# बज्रेश्वरी मंदिर ने बचाए साढ़े सात करोड़



**कांगड़ा।** शक्तिपीठ माता बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा का वार्षिक बजट गुरुवार को एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संपन्न हुआ। बैठक में मंदिर न्यास द्वारा वर्ष 2025 के आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान मंदिर न्यास को कुल 14 करोड़ 64 लाख 14 हजार 447 रुपए की आय प्राप्त हुई, जबकि सात करोड़ 13 लाख 18 हजार 530 रुपए व्यय किए गए। वर्ष के अंत में मंदिर न्यास के पास सात करोड़ 50 लाख 95 हजार 917 रुपए की शेष राशि उपलब्ध रही, जो मंदिर की सुदृढ़ आर्थिक स्थिति को दर्शाती है।

# अनुराग ठाकुर राजनीति में युवा चेहरों को देंगे मौका

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला**

- धर्मशाला में आज होगा लीडरशिप फेलोशिप प्रोग्राम का आगाज



अनुराग ठाकुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के आह्वान को पूरा करने के लिए हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने बड़ी पहल की है। हिमाचल प्रदेश के युवाओं को राजनीति, नीति-निर्धारण और नेतृत्व के गुर सिखाने के लिए अनुराग ठाकुर शुक्रवार को धर्मशाला से एक लीडरशिप फेलोशिप प्रोग्राम शुरू करने जा रहे हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन युवाओं को मंच प्रदान करना है, जिनका कोई राजनीतिक पारिवारिक इतिहास नहीं है।

### नई दिल्ली में बनाई रणनीति

**इस महत्त्वपूर्ण** पहल की रूपरेखा तैयार करने के लिए अनुराग ने नई दिल्ली में हिमाचल भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ एक विशेष बैठक की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के विजन पर विस्तार से चर्चा हुई और युवा शक्ति की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाने की रणनीति बनाई गई।

# 20 करोड़ से चमकेगी ऊना की लाइट

## ऊना में वर्ल्ड बैंक योजना के तहत लगेंगे 100 ट्रांसफार्मर, 11 केवी केबल बदली जाएंगी

**नगर संवाददाता-ऊना**



लगातार वोल्टेज उतार-चढ़ाव, ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग से जूझ रहे ऊना शहर में विद्युत व्यवस्था का कायाकल्प होगा। नगर निगम क्षेत्र की बिजली व्यवस्था अब आधुनिक रूप लेने जा रही है। वर्ल्ड बैंक पावर सेक्टर डिवेलपमेंट स्कीम के तहत करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से ऊना के विद्युत ढांचे का व्यापक कायाकल्प किया जाएगा, जिससे शहर को स्थिर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। परियोजना के तहत नगर निगम क्षेत्र में लगभग 100 नए ट्रांसफार्मर स्थापित होंगे तथा पुराने ट्रांसफार्मरों का उन्नयन किया जाएगा। इसके साथ ही वर्षों पुरानी 11 केवी केबलों को बदला जाएगा और लो-टेंशन नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। इससे न केवल तकनीकी खामियां दूर होंगी, बल्कि बिजली आपूर्ति की क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस महत्त्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से की गई है, जहां निर्बाध बिजली आपूर्ति को प्राथमिकता दी गई है। अधिकारियों के अनुसार आगामी छह से आठ महीनों में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### शहर की बदलेगी तस्वीर

**अधीक्षण अभियंता** विद्युत दर्शन सिंह ने बताया कि वर्ल्ड बैंक पावर सेक्टर डिवेलपमेंट स्कीम के तहत करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से ऊना में विद्युत ढांचे का व्यापक कायाकल्प किया जाएगा।

### विकास को नई गति

**नगर निगम** आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने कहा कि मजबूत विद्युत ढांचा किसी भी आधुनिक शहर की बुनियाद होता है। यह योजना ऊना के विकास को नई गति देगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

- आठ माह में काम पूरा करने का रखा लक्ष्य, लो-टेंशन नेटवर्क होगा मजबूत

### कम वोल्टेज की समस्या से मिलेगा छुटकारा


**इस प्रोजेक्ट से** जिन क्षेत्रों में कम बिजली वोल्टेज की समस्या है, वह दूर होगी। जहां कम क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित है, वह बदलकर समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा 11 केवी की केवल को बदला जाएगा। जिससे शहर में कम विद्युत वोल्टेज की समस्या का समाधान हो पाएगा।

# आईसीटी हार्डवेयर की खामियां दूर करने के निर्देश

**शिमला।** प्रदेश के सरकारी डिग्री कालेजों, संस्कृत कालेजों, जीसीटीई और एससीईआरटी में स्थापित सीबीटी (कम्प्यूटर आधारित परीक्षा) केंद्रों की कार्यप्रणाली को लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय ने सख्त निर्देश दिए हैं। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि सभी संस्थानों में उपलब्ध आईसीटी अवसंरचना और कम्प्यूटर हार्डवेयर पूरी तरह कार्यशील होने चाहिए तथा उनका शैक्षणिक और परीक्षा संबंधी गतिविधियों में समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। तकनीकी कमी या हार्डवेयर खराबी पाई जाती है, तो उसे तुरंत दुरुस्त किया जाए। यह आदेश उच्च शिक्षा निदेशक डा. अमरजीत के. शर्मा द्वारा जारी किए गए हैं।

# श्रीकुमार स्वामी ने भक्तों को दिया विशेष मंत्र

## पंचकूला में प्रभु कृपा दुख निवारण समागम में धूमधाम से मनाया महाब्रह्मर्षि का जन्मदिन



महाब्रह्मर्षि श्रीकुमार स्वामी जी

**कार्यालय संवाददाता-पंचकूला**

पंचकूला में आयोजित प्रभु कृपा दुख निवारण समागम में परम पूज्य सद्गुरुदेव जी का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश विदेश से आए श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बनता था। प्रभु नाम को खुमारी में श्रद्धालु निरंतर नृत्य करते हुए अपने असाध्य दुखों कष्टों से मुक्ति पा रहे थे। खचाखच भरे पंडाल में श्रद्धालु भाई-बहनों का उत्साह देखते ही बनता था। इस पुनीत अवसर पर परम पूज्य सद्गुरुदेव जी ने श्रद्धालुओं के लिए एक ऐसा विशेष मंत्र प्रदान किया जिसे केवल प्राकट्य दिवस पर ही देने का विधान है। भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण धाम के महामंत्री सुशील वर्मा 'गुरुदास' ने कहा कि परम पूज्य सद्गुरुदेव जी को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संसार के सबसे महान जगद्गुरु एवं विश्व के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक अवार्ड सनातन रत्न अवार्ड प्रदान किया है।

### हर समस्या का इलाज संभव

**महाब्रह्मर्षि श्रीकुमार** सवामी जी ने कहा कि आज पूरा विश्व खतरनाक कीटाणुओं और जीवाणुओं से भयभीत है जिनके कारण असाध्य रोग उत्पन्न हो रहे हैं। इनको देखकर वैज्ञानिक, डाक्टर और बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी चिंतित हैं और इनके आगे लाचार और हताश हैं, जिन असाध्य रोगों का निवारण आधुनिक विज्ञान नहीं कर पा रहा है उनका निवारण आयुर्वेद के अलौकिक विज्ञान दैवव्यपाश्रय से संभव हो गया है।

### मां दुर्गा का पाठ जरूरी

**पूज्य महाब्रह्मर्षि** जी ने कहा कि यदि आप अपने शरीर का भला चाहते हो तो मां दुर्गा के पाठ के बगैर घर से बाहर न निकलें। इस अद्भुत पाठ को करने वाला निश्चित ही 100 वर्षों तक जीवित रहता है। इस पाठ के बिना उसी प्रकार सिद्धि नहीं मिलती जैसे वन में रोना निरर्थक है। इस मंत्र का कंकाल 10 बार जाप करने से समस्त पापों से मुक्ति मिल जाती है तथा सभी मनोकामनाएं निश्चित पूर्ण होती हैं। विपत्ति में इसके समान कोई दूसरा पाठ नहीं है। इस पाठ को करने वाला स्वयं दूसरों के दुख हरने योग्य हो जाता है।

### अयोध्या पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया



कुलदीप सिंह पठानिया

**शिमला।** हिमाचल विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया गुरुवार को भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या पहुंचे और यहां पर उन्होंने मंदिर में दर्शन कर शीश नवाया। मूर्ति के दर्शन करने के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भगवान श्रीराम मंदिर का निर्माण पौराणिक शैली का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्म की विजय है तथा लोगों की आस्था का मुख्य केंद्र है। हमारा देश सांस्कृतिक राष्ट्रवाद तथा धार्मिक राष्ट्रवाद का प्रतीक है, जहां सभी धर्मों का सम्मान होता है। इस देश में लोग विविधता होने के बावजूद एकता के साथ रहते हैं। विस अध्यक्ष मंदिर में दर्शन के उपरांत चंड़ीगढ़ रवाना हो गए है। वह शुक्रवार को शिमला पहुंचेंगे और 26 जनवरी को सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता कर ध्वजारोहण करेंगे। 23 जनवरी को प्रात: शिमला पहुंचेंगे।

### नयनादेवी के एसडीएम धर्मपाल को स्टेट अवार्ड

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला के नयनादेवी उपमंडल में तैनात एसडीएम धर्मपाल चौधरी को ओवरऑल इलेक्टर्स रजिस्ट्रेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए स्टेट अवार्ड फॉर बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस-2026 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 25 जनवरी को शिमला के गेयटी थिएटर में आयोजित किए जाने वाले राज्यस्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि पधार रहे प्रदेश के महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के कर कमलों से उन्हें यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्रदान किया जाएगा।

# जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष को प्रतिमाह 80 हजार मानदेय

**वरिष्ठ संवाददाता-शिमला**



हिमाचल प्रदेश जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष को 80 हजार रुपए मासिक मानदेय मिलेगा। साथ में राज्य के भीतर और बाहरी शहरों के दौरे को लेकर भी उनको दैनिक भत्ता मिलेगा। इसके अलावा सरकारी आवास न मिलने की सूरत में उपाध्यक्ष को किराए भत्ते का भी प्रावधान सरकार ने किया है। इस संबंध में जल शक्ति विभाग की ओर से एक अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना में मंडी जिला के कार्यकारी अभियंता को जल प्रबंधन बोर्ड के कार्यालय के लिए बजट आबंटन एवं व्यय के संबंध में आहरण एवं संवितरण अधिकारी नामित किया गया है।

### आवास, वाहन सुविधा का भी मिलेगा लाभ

**हिमाचल प्रदेश सरकार** के जल शक्ति विभाग ने हिमाचल प्रदेश जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष के पद से संबंधित सेवा शर्तों, भत्तों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत अधिसूचना जारी की है। राज्यपाल की स्वीकृति से जारी इस अधिसूचना में उपाध्यक्ष शशि शर्मा को प्रदान की जाने वाली मानदेय राशि, भत्ते, आवास, वाहन सुविधा, स्टाफ व्यवस्था तथा वित्तीय अधिकारों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है ।

### देव स्वरूप वन मुख्यालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रधान



**शिमला। वन विभाग मुख्यालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की जिम्मेदारी देव स्वरूप शर्मा को प्रधान के रूप में सौंपी गई है। गुरुवार को कर्मचारियों की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया है, जबकि संघ के पूर्व प्रधान रमेश चंद ठाकुर को मुख्य सचेतक का दायित्व सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार वन विभाग मुख्यालय शिमला स्थित टालैंड में गुरुवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की आम बैठक का आयोजन हुआ। संघ के अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कार्यकारिणी को बर्खास्त करने की घोषणा की। इस दौरान राज्य चतुर्थ श्रेणी कार्यकारिणी के महासचिव बलदेव राज ठाकुर और संगठन सचिव प्रकाश चंद ठाकुर ने मुख्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस दौरान संघ के पूर्व अध्यक्ष रमेश ठाकुर को नई कार्यकारिणी का मुख्य सचेतक बनाने का निर्णय लिया गया। संघ के प्रधान के तौर पर देवस्वरूप शर्मा की सर्वसम्मति से ताजपोशी की गई है। उन्होंने राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का धन्यवाद किया और अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें कानचंद शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान, सूर्यकांत शर्मा को महासचिव और केवल राम वर्मा को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष बनाया गया है**

**आक्रोश** कांगड़ा के रैत में सम्मेलन, संयुक्त कार्रवाई समिति केंद्र के फैसले से नाराज

# बिजली संशोधन विधेयक नामंजूर

**दिव्य हिमाचल टीम-धर्मशाला, रैत**



सम्मेलन में बिजली कर्मी, अभियंताओं व पेंशनर्ज

- कर्मचारियों इंजीनियरों पेंशनभोगियों की सरकार से विधेयक वापस लेने की मांग

बिजली संशोधन विधेयक का 2025 संस्करण इसके किसी भी पहले के संस्करण की तुलना में अधिक प्रतिगामी और खतरनाक है। यह सार्वजनिक उपयोगिताओं की वित्तीय स्थिरता, लोकतांत्रिक उपभोक्ता अधिकारों, देश के संघीय ढांचे और लाखों बिजली क्षेत्र के कर्मचारियों की आजीविका के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। यह बात बिजली कर्मचारी, अभियंता की राष्ट्रीय समन्वय समिति के संयोजक सुदीप दत्ता ने गुरुवार को जिला कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते शाहपुर में बिजली कर्मियों, अभियंताओं व पेंशनर्ज की संयुक्त कार्रवाई समिति द्वारा आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बिजली संशोधन बिल 2025 सीधा-सीधा बिजली बोर्ड के निजीकरण का रास्ता प्रशस्त होगा। इससे कार्यरत कर्मचारियों की सेवा शर्तें प्रभावित होगी और बिजली बोर्ड के पेंशनर्ज की सामाजिक सुरक्षा प्रभावित होगी। वहीं, आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं खतरे में आ जाएगी। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों, इंजीनियरों, पेंशनभोगियों की संयुक्त कार्रवाई समिति ने बिजली (संशोधन) विधेयक, 2025 को तत्काल वापस लेने और बिजली को एक सामाजिक अधिकार के रूप में मान्यता देने की मांग की है।

# राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**शिमला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए चयनित व्यक्ति अथवा संस्था को एक लाख रुपए की नकद राशि के साथ एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास निदेशालय ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं आवेदन 31 जनवरी तक संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।





“जब मैं अच्छा करता हूं, अच्छा महसूस करता हूं। जब मैं बुरा करता हूं, बुरा महसूस करता हूं। यही मेरा धर्म है।

–अब्राहिम लिंकन

# नक्शे पर पंचायत चुनाव

**नक्शे** पर पंचायत चुनाव और राजनीति में एक नया बहाव शुरू हो रहा है। कसौटियां-करवटें और सियासी बिंदुओं के एहसास से तरबतर माहौल में हिमाचल कुछ समय के लिए, नए विकल्प तराशेगा। पंचायत चुनाव यूं तो लोकतंत्र का पर्व सरीखा है, लेकिन देखा इसे सियासत के बनते-बिगड़ते स्वरूप के साथ ही जाता है। विडंबना यह रही कि इस बार चुनाव से पूर्व ही कसरतें चुनावों की परिपाटी को तीस अप्रैल तक पूरा करने की हिदायत तक ले आई हैं। यानी अब रोस्टर प्रक्रिया 28 फरवरी तक पूरी करके ही तय सीमा तक चुनाव परिभाषित होंगे। पंचायती चुनावों के जरिए हिमाचल अपनी अपेक्षाओं, संभावनाओं और नागरिक समाज की इच्छाओं का सियासी वर्णन देगा, तो करीब 56 लाख मतदाताओं के माध्यम से जागरूकता का एक महाकुंभ देखने को मिलेगा। अब तक 3577 पंचायतों के अलावा 71 शहरी निकायों के बीच ही अगर चुनावी गाड़ी दौड़ती है, तो यह सियासी संबोधन बदलने की एक कड़ी परीक्षा हो सकती है। भले ही पार्टी चिन्ह पर चुनाव न हों, लेकिन दावों और प्रतिदावों के बीच ये चुनाव थोड़ी हकीकत, थोड़ा अफसाना लिखेंगे। पिछली बार पंचायत चुनावों ने युवा वर्ग को आकर्षित किया था। जो बच्चे करिअर की तलाश में अपनी उपाधियों को सीधा कर रहे थे, वे भी सियासती श्रीगणेश की राह पर पंचायत चुनाव में उतरे थे। इस बार भी मूड कुछ ऐसा होगा क्योंकि राजनीति को करिअर की तरह पल्लवित होने के कई उदाहरण युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। पोलिटिकल लीडरशिप के लिए भाजपा तो बाकायदा एक अभियान लांच कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लाख युवाओं को सीधे भारतीय राजनीति का स्तंभकार बनाने का सोचा है। इसी परिप्रेक्ष्य में सांसद अनुराग ठाकुर ने आज एक कार्यक्रम धर्मशाला में रखा है। राजनीतिक व्यवहार बदल रहा है। सार्वजनिक संबोधन से लेकर राष्ट्रीय नीतियों व कार्यक्रमों की पहली कार्यशाला पंचायत से शुरू होती है और इस गणित में अगर स्किल है, तो यह महज चुनाव नहीं, राष्ट्रीय उत्थान का फलक है। हिमाचल में अमूमन स्थानीय निकायों के चुनावी गणित में विपक्ष का मुंह खुल जाता है और परिणामों की खेप में कई अलिखित-अघोषित दावे शुरू हो जाते हैं। हिमाचल की वास्तविक सियासत होती भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही है, इसलिए इस बार भाजपा इतनी सक्रिय है कि उसने पंचायती चुनाव की प्रक्रिया को ही सियासी मुद्दा बना दिया था। जाहिर है अगले कुछ दिन व लगातार दो-ढाई महीने इन्हीं चुनावों में बुने या गुजारे जाएंगे। प्रदेश के विकास का ढांचा, योजनाओं का खाका, जन कल्याणकारी योजनाएं और कार्यक्रमों के संदर्भ जब गूंजेंगे, तो मुद्दों की बात स्थानीय चरित्र पर आकर प्रतिनिधि ढूंढेगी। विडंबना यह है कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव जातिवाद से खेलने लगते हैं और इस तरह पसंद-नापसंद के बीच संकीर्णता के दायरे और संकरे हो जाते हैं। शहरी निकायों में भी स्थानीय स्वशासन की वांछित काबिलीयत दर्ज नहीं होती। पार्षद समझ ही नहीं पाते कि शहर को आर्थिकी व रोजगार के केंद्र में बदलने के लिए क्या करना होगा। हिमाचल की आर्थिकी, ग्रामीण एवं शहरी विकास के जरिए रोजगार के नए अवसर ढूंढने के लिए क्या स्थानीय निकाय चुनाव, शृंगार कर पाएंगे या ये सारी करवटें सत्ता बनाम विपक्ष की सियासी मजबूरियों, प्रभाव या प्रलोभन में ही गुजर जाएंगे।


# ‘वैश्विक डॉन’ बनने के मंसूबे

**आखिर** अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के मंसूबे क्या हैं? वह दुनिया के सबसे प्राचीन लोकतांत्रिक देश के राष्ट्रपति हैं अथवा विस्तारवादी प्रवृत्ति के साम्राज्यवादी शासक हैं या अब ‘वैश्विक डॉन’ बनने की मंशा है? राष्ट्रपति ट्रंप हररोज किसी न किसी देश पर कब्जा करने या हमला करने की धमकी देते हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को अमरीकी सैनिकों के जरिए अगवा करने के बाद वह क्यूबा, कोलंबिया सरीखे छोटे देशों के राष्ट्रपतियों को ऐसी धमकियां दे रहे हैं। ‘वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम’ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच से राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ-साफ कहा है कि वह ग्रीनलैंड पर कब्जा करेंगे, क्योंकि यह क्षेत्र अमरीका का है और अमरीकी सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। रूस, चीन और यूरोप उन्हें रोक नहीं सकते। हालांकि ट्रंप ने ग्रीनलैंड में सेना का इस्तेमाल नहीं करने की बात कही है। उन्होंने ग्रीनलैंड को ‘बर्फ का एक टुकड़ा’ भी करार दिया है। यह एक विशालकाय, मायावी, ताकतवर दानव और बौने लिलिपुटियन के द्वन्द्व की कहानी सरीखा लगता है! राष्ट्रपति ट्रंप की लगातार धमकियों के कारण ही अमरीका और यूरोप पहली बार आमने-सामने तने हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने इसी वैश्विक मंच से, ट्रंप का नाम लिए बिना ही, कहा कि यूरोप किसी की ‘दादागीरी’ के सामने नहीं झुकेगा। यूरोप कोई समझौता भी नहीं करेगा। यूरोप और नाटो मिल कर ग्रीनलैंड की रक्षा करेंगे। डेनमार्क, बेल्जियम, कनाडा सरीखे देशों के प्रधानमंत्रियों ने राष्ट्रपति ट्रंप को आगाह किया है कि वह ग्रीनलैंड पर न तो ब्लैकमेलिंग करें और न ही ‘रेडलाइन’ को लांघने की कोशिश करें। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री ने ‘युद्ध के हालात’ की घोषणा कर दी है, सेना का अलर्ट कर दिया है और लोगों को अपने घरों में पांच दिन का राशन रखने की अपील की है। यह स्वायत्त देश मात्र 56-57,000 की आबादी का है, लेकिन विश्व में जो 30 दुर्लभ अर्थ खनिज माने जाते हैं, उनमें से 25 खनिजों के भंडार ग्रीनलैंड में हैं। तेल और गैस के भी पर्याप्त भंडार हैं। दरअसल इस देश के जरिए एक समुद्री रूट खुलता है, जिसके जरिए व्यापार सहज और कम समय में संभव हो सकता है। ‘वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम’ के मंच से ही राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों-पुतिन और जेलेंस्की-को ‘बेवकूफ’ कहा। यह कैसी भाषा और मर्यादा है? ट्रंप ने किसी अन्य राष्ट्रपति को ‘बीमार आदमी’ करार दिया है। यह दीगर और मजबूरी है कि ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी के प्रति सम्मान जताया है। उन्हें ‘शानदार इनसान’ और ‘मेरे दोस्त’ कहा है और यह भविष्यवाणी की है कि भारत के साथ अच्छी डील होने वाली है। राष्ट्रपति ट्रंप की मजबूरी यह है कि भारत ने अक्तूबर, 2025 में अमरीका से आने वाली ‘पीली मटर’ पर 30 फीसदी का टैरिफ थोप दिया था। नतीजा यह हुआ कि अमरीकी सांसदों को ट्रंप को पत्र लिखने पड़े कि भारत से इस टैरिफ को वापस लेने का आग्रह किया जाए। राष्ट्रपति ट्रंप को अपने विशेष दूत के तौर पर स्टीव डेंस को भारत भेजना पड़ा। डेंस ने दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात और बातचीत की है, लेकिन टैरिफ यथावत है। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप के मंसूबे यहां तक पहुंच गए हैं कि उन्होंने ईरान को दुनिया के नक्शे से ही मिटा देने की धमकी दी है। पलटवार में ईरानी सेना ने चेतावनी दी है कि यदि खामेनेई की हत्या की कोशिश की गई, तो हम ट्रंप के हाथ काट देंगे। आखिर यह नौबत ही क्यों आई? सवाल है कि ट्रंप ने दुनिया भर में यह उबाल, गुस्सा, प्रतिशोध, अंततः युद्ध के भाव पैदा क्यों कर दिए? क्या अमरीका अन्य देशों की संप्रभुता का सम्मान नहीं कर सकता? राष्ट्रपति ट्रंप को किसी एकांत में यह मंथन करना चाहिए कि वह ‘शांतिदूत’ नहीं, ‘युद्धखोर’ हैं। उन्हें नोबेल पुरस्कार का मुगालता नहीं पालना चाहिए। क्या उन्हें यह एहसास है कि अमरीका की ही 55 फीसदी जनता उनकी नीतियों, उनके फैसलों के खिलाफ है और सड़कों पर भी है। राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल का अभी एक साल ही बीता है और सांसद उन्हें पद से हटाने की चेतावनियां दे रहे हैं। दरअसल वह लोकतांत्रिक नहीं, तानाशाही प्रवृत्ति के नेता हैं और विश्व अब यह स्वीकार नहीं करेगा। जो देश उनकी नीतियों पर नहीं चल रहे हैं, उन पर ट्रंप भारी टैरिफ ठोक रहे हैं। भारत पर उनका यह दबाव है कि वह रूस से तेल की खरीद न करे। भारत का मानना यह है कि राष्ट्रहित में जो भी देश सस्ते तेल की आपूर्ति करेगा, भारत उसी से तेल की खरीद करता रहेगा। हमें जब रूस से सस्ते तेल की आपूर्ति हो रही है, तो क्यों न हम उससे इसकी खरीद करें। बार-बार भारत स्पष्ट कर चुका है कि जो भी सस्ता तेल देगा, उसी से खरीद की जाएगी, यह भारत के लिए राष्ट्र हित का मामला है।

संपादकीय लेखों पर सुधी पाठकों की प्रतिक्रियाएं आमंत्रित हैं, भेजें : पाठकों के पत्र, द्वारा संपादक, पोस्ट बॉक्स 14, धर्मशाला-176215
फोन : 01892-264713, 260676
फैक्स : 01892-264700
Email : feature@divyahimachal.com या edit.dshala@divyahimachal.com

# राहुल गांधी की इतिहास की समझ

कुलदीप चंद अग्निहोत्री
वरिष्ठ स्तंभकार



**तीन** दिन पहले सोनिया गांधी के सुपुत्र श्री राहुल गांधी कुरुक्षेत्र आए थे। उन्होंने वहां हरियाणा के कांग्रेस नेताओं को संबोधित किया और कहा जाता है कि उन्हें भारत का इतिहास भी पढ़ाया। वैसे तो कुरुक्षेत्र में ही भारत का इतिहास रचा गया है। महाभारत का युद्ध इसी कुरुक्षेत्र में हुआ था। राजा सुदास के वैदिक कालीन युद्ध के बाद यही सबसे बड़ा युद्ध था। इसलिए भारत के इतिहास को समझने और समझाने के लिए कुरुक्षेत्र से उपयुक्त स्थान कोई और नहीं हो सकता था। लेकिन इतिहास का अध्यापक बनने के लिए जरूरी है, पहले स्वयं इतिहास को पढ़ा और समझा जाए। राहुल गांधी और शायद सोनिया गांधी के परिवार की यही सबसे बड़ी समस्या है। वे अध्यापक बनने की पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किए बिना अध्यापक बनने की घोषणा कर देते हैं। उन्होंने भारत की एक पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस पर येन केन प्रकारेण कब्जा कर लिया है (पार्टी के अध्यक्ष सीता राम केसरी को किस प्रकार सोनिया गांधी ने अपने कुछ विश्वस्त साथियों के साथ मिल कर पार्टी बैठक में से घसीट कर बाहर कर दिया था, यह वारदात पुरानी नहीं हुई है), इसलिए उन्हें इस पार्टी के लोग अपने छात्र रूप में आसानी से मिल जाते हैं। कुरुक्षेत्र में भी ऐसे छात्र उपलब्ध थे। यह भी संभव है कि ये छात्र क्लास में तो चुपचाप राहुल गांधी का इतिहास पर प्रवचन सुनते रहे हैं और घर जाकर हंसते हों। खैर राहुल गांधी ने कहा कि भारत में से मुगल चले गए, ब्रिटिश भी चले गए और इसी प्रकार भाजपा वाले भी चले जाएंगे। राहुल गांधी जो भी अपने छात्रों को समझाना चाह रहे हों, लेकिन उन्होंने उदाहरण ठीक नहीं दिया। मध्य एशिया के तुर्क-मुगलों के कब्जे के बाद भारत पर यूरोप के अंग्रेजों ने कब्जा किया था। लेकिन उन्होंने कब्जा भारत पर हमला करके नहीं किया, बल्कि वे यहां व्यापारी के वेष में आए थे और धीरे-धीरे उन्होंने अलग-अलग तरीकों से कब्जा किया। लेकिन यूरोप से केवल ब्रिटिश लोग ही नहीं थे, जिन्होंने हिंदुस्तान के बड़े भूभाग पर कब्जा किया था।

यूरोप के ही पुर्तगालियों (गोवा) और फ्रांसीसियों (पुडुच्चेरी) ने भी भारत के कुछ हिस्सों पर कब्जा किया हुआ था। यदि इन सभी के भारत से चले जाने की टाइमलाइन लिखनी हो तो यह क्रम मुगल, ब्रिटिश, फ्रांसीसी और पुर्तगाली बनता है। उसके बाद हिंदुस्तान पर यूरोप के किस देश ने घुसने की कोशिश की और उसकी पद्धति क्या थी, यह महत्वपूर्ण प्रश्न है। ब्रिटिश लोगों ने व्यापार के माध्यम से भारत में दखलअंदाजी और इटली की सोनिया गांधी की भारत में दखलअंदाजी विवाह के माध्यम से हुई। यूरोप के इतिहास का गहराई से अध्ययन करने वाले अच्छी तरह जानते हैं कि यूरोप की राजनीति सदियों तक विवाह संबंधों से ही संचालित होती रही है। राजीव गांधी की हत्या के बाद ही सोनिया गांधी का कांग्रेस पर कब्जा हुआ और उसके माध्यम से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से देश की सत्ता पर। राजीव गांधी की हत्या को लेकर सुब्रह्मणयन स्वामी अभी तक न्यायालयों में हत्या के षड्यंत्रों को लेकर प्रश्न उठाते रहे हैं। इसलिए यदि राहुल गांधी को हिंदुस्तान से यूरोपीय लोगों के चले जाने का क्रम निश्चित करना हो तो वह मुगल, ब्रिटिश, फ्रांसीसी और पुर्तगाली चले गए, उसी प्रकार अब इटली वाले भी चले जाएंगे। वैसे भी राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर एक मुकद्दमा कचहरी में लंबित है। लेकिन कांग्रेस के छात्रों को भारत का इतिहास पढ़ाते समय राहुल गांधी एक दूसरी भूल कर गए लगते हैं। वे समझा रहे हैं कि मुगल यहां से चले गए। लेकिन कांग्रेस का इतिहास यह नहीं बताता। कांग्रेस का इतिहास बताता है कि मुगलों का कब्जा तो इस देश से जरूर खत्म हो गया, लेकिन कांग्रेस सरकार ने मुगलों को इस देश में ही रख लिया। मुगल मध्य एशिया के तुर्क ही थे। लेकिन मंगोलों से विवाह शादियों के चलते जो संकर नस्ल पैदा हुई थी वह भारत में मुगल कहलाई। मुगलों से पूर्व भी मध्य एशिया के तुर्कों का ही कब्जा था। कुछ भागों पर अरबों का भी कब्जा रहा। क्योंकि अरब, तुर्क, मुगल, ये सभी मजहब से मुसलमान थे, इसलिए आम तौर पर मुसलमानों का राज कह दिया जाता है। लेकिन जब तक हिंदुस्तान से इन अरबों, तुर्कों और मुगलों का कब्जा खत्म हुआ, तब तक इस देश के लोग भी बड़ी संख्या में इस्लाम पंथ या शिया पंथ में चले गए थे। ये भारत के देसी मुसलमान थे। लेकिन इनका अरबों, तुर्कों व मुगलों से कुछ लेना-देना नहीं था। लेकिन अंग्रेजों के चले जाने के बाद जब देश की सत्ता कांग्रेस के हाथों में आई तो उसने अरबों, तुर्कों और मुगलों को बाहर निकालने की बजाय उन्होंने देश के भीतर नायक बना कर सम्मानित किया। कांग्रेस के उन छात्रों को जो कुरुक्षेत्र में राहुल गांधी का इतिहास का पीरियड ध्यान से सुन रहे थे, शायद ध्यान में होगा ही कि पंडित जवाहर लाल नेहरु ने देश का पहला शिक्षा मंत्री अरब मूल के मौलाना अबुल कलाम आजाद को ही बनाया था। दूसरे शिक्षा मंत्री सैयद नुरुल हसन भी अरब मूल के ही थे। इतना ही नहीं कांग्रेस की सरकार ने मुगल बादशाहों को सम्मानित करने के लिए दिल्ली में सड़कों के नाम औरंगजेब मार्ग, जहांगीर मार्ग, शाहजहां मार्ग इत्यादि रखे। इतना ही नहीं कांग्रेस के इतिहासकार इन अत्याचारी मुगल बादशाहों का सामना करने वाले अपर बलिदानियों का इतिहास या तो हाशिए पर डाल दिया या फिर उसे विकृत किया गया। राहुल गांधी शायद जानते नहीं होंगे कि कांग्रेस काल में गुरु तेग बहादुर जी के बारे में पढ़ाया जाता था कि वे दिल्ली के इर्द-गिर्द अपने साथियों के साथ मिल कर लूटपाट करते थे, इसलिए औरंगजेब ने उन्हें दंडित किया था। मुगल बादशाहों ने भारत के ऐतिहासिक स्थानों को तोड़ कर जो नए प्रतीक खड़े किए, कांग्रेस सरकार उनको राष्ट्रीय गौरव के स्थान बता कर प्रचारित और संरक्षित करती रही। संक्षेप में कहना हो तो मुगल सत्ता समाप्त हो जाने के बाद भी कांग्रेस सरकार ने न केवल मुगलों को बल्कि उनकी तुर्की विरासत को भी राष्ट्रीय गौरव कह कर संरक्षित किया। अब भाजपा की बात। राहुल गांधी का कहना है कि जिस प्रकार अंग्रेज चले गए, उसी प्रकार भाजपा चली जाएगी। दरअसल जिस प्रकार कांग्रेस ने मुगल विरासत को संभाला उसी प्रकार कांग्रेस ने ब्रिटिश लोगों के जाने के बाद ब्रिटिश विरासत को भी सीने से लगा कर रखा। जिन्होंने कांग्रेस की इस ब्रिटिश मनोवृत्ति का विरोध किया, उनको नेहरु ने तुरंत सिस्टम से बाहर कर दिया। डा. भीमराव रामजी अंबेडकर कांग्रेस की इसी मनोवृत्ति का शिकार हुए थे।

कांग्रेस की इस रीति नीति को देख कर भारतीयों में इसकी प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक ही था। पानी सिर के ऊपर से गुजरने की नौबत आ रही थी। इसलिए भारत में कांग्रेस के खिलाफ विद्रोह हो गया और देश ने सत्ता भाजपा को दी...

कांग्रेस के भीतर भी जो लोग कांग्रेस को ब्रिटिश विरासत से मुक्त करना चाहते थे, नेहरु ने उन्हीं पुरुषोत्तम दास टंडन को पार्टी से बाहर कर दिया था। इसीलिए यह कहा जाता है कि ब्रिटिश सत्ता से मुक्त हो जाने के बाद भी भारत को ब्रिटिश चिंतन व संस्कृति के रास्ते पर ही चलाए रखने का काम कांग्रेस करती रही। यही कारण था कि ब्रिटेन सरकार कांग्रेस को अपने ज्यादा अनुकूल मानती थी। सोनिया गांधी द्वारा कांग्रेस पर कब्जा कर लेने के बाद तो चर्च की भी रुचि भारत में जरूरत से ज्यादा हो गई। कांग्रेस की इस रीति नीति को देख कर भारतीयों में इसकी प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक ही था। पानी सिर के ऊपर से गुजरने की नौबत आ रही थी। इसलिए भारत में कांग्रेस के खिलाफ विद्रोह हो गया और देश ने सत्ता भाजपा को दी। राहुल गांधी भारत और भारतीयता को समझ नहीं पा रहे हैं। यह उनका दोष नहीं है। यह उनके संस्कार हैं। धीरे धीरे उनकी इतिहास की क्लास में दाखिला लेने वाले छात्र भी कम हो रहे हैं। भाजपा जाएगी या नहीं जाएगी, इसका निर्णय तो देश के लोग ही करेंगे, लेकिन इतना निश्चित है कि अब देश की सत्ता भारतीयों के हाथों में ही रहेगी। वह मुगल और ब्रिटिश विरासत को जारी रखने वाले लोगों के हाथ में नहीं आएगी।

ईमेलःkuldeepagnihotri@gmail.com

## प्रसंगवश

### हिमाचल की सांस्कृतिक आत्मा एक है

**पिछले** सात दशकों से हिमाचल प्रदेश की सम्मिश्रित लोक-संस्कृति को निकट से देखने के बाद यह अनुभव दृढ़ हुआ है कि लोक संस्कृति के ध्वजवाहकों के लिए यह नितांत आवश्यक है कि वे प्रदेश के बारहों जिलों की संस्कृति को समग्रता में परखें। इसी समग्र अध्ययन से हिमाचल की सम्मिश्रित लोक संस्कृति की पहचान प्रतिष्ठित की जा सकती है, ताकि एकता में विविधता वाले भारत के सांस्कृतिक इतिहास में इस पर्वतीय प्रदेश का योगदान स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो सके। राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में जब हम एकता में विविधता की बात करते हैं, तो सम्मिश्रित लोक संस्कृति स्वाभाविक रूप से हमारा ध्यान आकर्षित करती है। यह संस्कृति समाज को न केवल जीवंत और रंगीन बनाती है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सामंजस्य को भी सुदृढ़ करती है। सकारात्मक सोच, प्रेम और सहनशीलता का संदेश देने वाली यह संस्कृति आधुनिक युग में पारंपरिक कलाओं के संरक्षण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम बनी हुई है। सम्मिश्रित लोक संस्कृति को समझने से पूर्व हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक और प्रशासनिक संरचना का संक्षिप्त उल्लेख आवश्यक है। 15 अप्रैल 1948 को 31 छोटी-बड़ी रियासतों के विलय के पश्चात हिमाचल प्रदेश अस्तित्व में आया। उस समय चंबा, मंडी, महासू और सिरमौर- ये चार जिले थे। वर्ष 1954 में बिलासपुर का हिमाचल में विलय हुआ और 1960 में महासू जिले की चिनी तहसील को अलग कर किन्नौर जिला बनाया गया। पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के अंतर्गत पंजाब के पहाड़ी क्षेत्रों के हिमाचल में सम्मिलित होने से प्रदेश का भौगोलिक विस्तार हुआ। इसके फलस्वरूप कांगड़ा, कुल्लू, लाहुल-स्पीति और शिमला- ये चार जिले हिमाचल को प्राप्त हुए। 25 जनवरी 1971 को हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला और यह देश का 18वां राज्य बना। इसके पश्चात 1972 में कांगड़ा से हमीरपुर और ऊना तथा शिमला से सोलन जिला गठित होने के साथ हिमाचल 12 जिलों का राज्य बना। इस प्रकार विभिन्न जिलों की सांस्कृतिक परंपराओं का संयुक्त अध्ययन ही हिमाचल की सम्मिश्रित लोक संस्कृति का अध्ययन है। जब किसी कारणवश एक समुदाय का संपर्क दूसरे समुदाय से होता है, तो सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से सांझी विरासत और सह अस्तित्व पर आधारित मिश्रित संस्कृति का उद्भव होता है। ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार, 16वीं/17वीं शताब्दी में मुगल काल के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों के कारण कश्मीरी ब्राह्मण समुदाय का एक वर्ग पंजाब के पहाड़ी क्षेत्रों में आकर बसा। कांगड़ा जिले के हिमाचल में विलय के साथ ये समुदाय भी हिमाचल का अभिन्न अंग बने। चंबा और कांगड़ा जिलों में आज भी अनेक परिवार अपने नामों के साथ कश्मीरी ब्राह्मण उपनाम जोड़े हुए हैं। इसी प्रकार दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के पांवटा साहिब प्रवास के दौरान और उसके बाद सिख समुदाय का सिरमौर क्षेत्र में बसना प्रारंभ हुआ। इस प्रकार पहाड़ की विशिष्ट संस्कृति में अन्य समुदायों की सांस्कृतिक परंपराओं का समावेश होता गया। सत्य यह है कि हिमाचल की सांस्कृतिक आत्मा एक है। –सतीश धर

## राष्ट्रीय विवेचन

# भौतिकवादी जिंदगी में सिमटते रिश्ते

रमेश धवाला
पूर्व मंत्री



**आज** की इस दौड़ती-भागती, डिजिटल और भौतिकवादी जिंदगी में मानवीय रिश्ते सिमटते जा रहे हैं। यह सिमटन केवल दूरियों तक सीमित नहीं, बल्कि भावनाओं और कर्तव्यों के स्तर पर भी घट रही है। समाज कई तरह से खंडित हो रहा है, जहां सोशल मीडिया पर हजारों ‘फ्रेंड्स’ होने के बावजूद, वास्तविक जीवन में अंतिम यात्रा में कंधा देने वाले सच्चे साथी विरल होते जा रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति बनकर उभरी है। अब मोक्षधाम तक की यात्रा में, प्रियजन के शरीर को चार कंधों पर उठाने की पवित्र परंपरा का स्थान अक्सर ‘शव वाहन’ की मजबूरी ले रहा है। श्मशानघाटों पर चिता संभालने और अंतिम विदाई की अग्नि में आहुति देने के लिए दक्ष लोगों की कमी एक सामूहिक विरासत के क्षरण का संकेत है। दरअसल, कल तक जो शख्स हमारे बीच सांस लेता था, हंसता-बोलता था, सुख-दुख साझा करता था, जब वह निर्जीव शरीर मात्र रह जाता है, तो उसे कंधा देने से पहले लोग अब गणित लगाने लगते हैं।

समय की कमी, व्यस्तता, या फिर सिर्फ औपचारिकता का बोझ- ये सब ऐसे कारण बन गए हैं जो हमें मानवता के सबसे बुनियादी कर्तव्य से दूर कर रहे हैं। यह केवल एक व्यक्ति की अंतिम यात्रा नहीं है, बल्कि यह हमारे सामूहिक संस्कारों, हमारी साझी मानवता और हमारे सामाजिक मूल्यों की वह अंतिम यात्रा है जो धीरे-धीरे विलुप्त होती दिख रही है। यहां यह सोचने की आवश्यकता है कि क्या हम जाने-अनजाने में संवेदनाओं और रिश्तों की गठरी को ही लापरवाही की अग्नि में झोंक रहे हैं? श्मशानघाटों पर आज एक दृश्य आम है : चिता जल रही है, पर उसके पास खड़े अधिकांश लोग मोबाइल फोन पर व्यस्त हैं, किसी से बात करते हुए, मैसेज भेजते हुए या सोशल मीडिया स्क्रॉल करते हुए। यह दृश्य एक गहरी विडंबना पैदा करता है। शोक और विदाई की यह पवित्र घड़ी भी डिजिटल व्यवधानों से अछूती नहीं रह गई है। एक समय था जब किसी व्यक्ति के निधन की खबर पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा देती थी। लोग अपना कामकाज छोड़कर शोकसंतप्त परिवार के साथ खड़े हो जाते थे। इलाके का हर छोटा-बड़ा व्यक्ति अंतिम यात्रा में शामिल होकर ‘राम नाम सत्य है’ की गूंज के साथ पवित्र आत्मा को विदाई देता था। वह यात्रा महज एक मृत शरीर का श्मशान तक का सफर नहीं होती थी, बल्कि यह जीवित लोगों के बीच एक भावनात्मक जुड़ाव, सामाजिक एकजुटता और एक अटूट कर्तव्यबोध का प्रतीक हुआ करती थी। आज, अफसोस कि अंतिम संस्कार अधिकतर मामलों में एक खोखली औपचारिकता बनकर रह गया है। दुनियादारी में डूबे लोग फोन पर ही शोक जता देते हैं और यदि श्मशान पहुंच भी जाएं, तो अक्सर सिर्फ ‘दिखावे’ के लिए, ताकि यह साबित हो सके कि ‘हम आए थे।’ हमारे धार्मिक ग्रंथ इस मामले में स्पष्ट हैं। गरुड़ पुराण सहित अन्य ग्रंथों में अंतिम संस्कार को सोलह संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इसका उद्देश्य केवल शरीर को अग्नि को समर्पित करना ही नहीं, बल्कि आत्मा को नश्वर बंधनों से मुक्त कर मोक्ष की ओर अग्रसर करना है। इन ग्रंथों में यह भी स्पष्ट कहा गया है कि किसी की अंतिम यात्रा में सहभागी होना एक पुण्य कर्म है। यह कार्य दर्शाता है कि आप न केवल उस व्यक्ति के जीवन का सम्मान करते हैं, बल्कि उसके परिवार के दुःख में सच्चे सहयोगी भी हैं। यही सामाजिक सहयोग और सद्भाव का आधार है। परंपराएं यह भी कहती हैं कि पितरों के प्रति उचित श्रद्धा और कर्तव्यपालन न होने से गृह कलह और अशांति जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। एक उदाहरण मेरे पड़ोस का है, जहां एक परिवार को लगभग चार महीने तक अकारण अशांति और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ा। विभिन्न धार्मिक उपायों के बाद जब उन्होंने पितरों की उचित विधि से पूजा-श्रद्धा की, तब कहीं जाकर स्थिति शांत हुई। यह उदाहरण शायद अंधविश्वास लगे, लेकिन यह हमारे संस्कारों और मान्यताओं के सामाजिक-मनोवैज्ञानिक महत्व को तो रेखांकित करता ही है। इस सबके मूल में एक और गहरी चिंता निहित है : भावी पीढ़ी को हम किस विरासत में देकर जा रहे हैं? यदि बच्चे बचपन से ही पितरों का स्मरण, श्राद्ध की महत्ता और सामाजिक सहयोग के इन रीति-रिवाजों से अनभिज्ञ रहेंगे, तो वे समाज में रिश्तों के गहरे महत्व को कैसे समझ पाएंगे? आज जो सामाजिक विखंडन और भाईचारे का अकाल हम देख रहे हैं, उसकी जड़ें इन्हीं टूटते बंधनों में हैं। असली सेवा और स्नेह तो माता-पिता को उनके जीवित रहते ही देना चाहिए। परंतु, उनके बाद की गई श्रद्धा और सामाजिक सहयोग की परंपराएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये हमें सामूहिकता और करुणा का पाठ पढ़ाती हैं। युवा पीढ़ी को बुजुर्गों के सान्निध्य में बैठना चाहिए, उनके अनुभवों से सीखना चाहिए। यही वह सूत्र है जो ज्ञान और संस्कारों को पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित करता है।

अंतत:, प्रश्न यह है- क्या हम इतने व्यस्त और स्वकेंद्रित हो गए हैं कि मानवीय संबंधों की इस आखिरी और सबसे पवित्र किस्त को अदा करने का धैर्य भी हमारे पास नहीं रहा? अंतिम यात्रा में शामिल होना केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी साझी मानवता की पुष्टि है। इसे केवल एक औपचारिकता में बदलकर हम अपने ही सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रहे हैं...

अगर युवा बुजुर्गों के मार्गदर्शन से वंचित रहेंगे, तो आने वाले समय में उनमें सामाजिक संवेदनशीलता का अभाव होगा। एक सभ्य और मजबूत समाज का निर्माण तभी संभव है जब हम रिश्तों की गरिमा और सामाजिक कर्तव्यों के प्रति निष्ठा को बचाए रखें। अन्यथा, हमें भविष्य में और भी गहरी सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। अंतत:, प्रश्न यह है- क्या हम इतने व्यस्त और स्वकेंद्रित हो गए हैं कि मानवीय संबंधों की इस आखिरी और सबसे पवित्र किस्त को अदा करने का धैर्य भी हमारे पास नहीं रहा? अंतिम यात्रा में शामिल होना केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी साझी मानवता की पुष्टि है। इसे केवल एक औपचारिकता में बदलकर हम अपने ही सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रहे हैं। आइए, इस दिशा में सोचें। किसी की अंतिम यात्रा में शामिल होकर हम जिस सामाजिक पूंजी और सद्भावना का निर्माण करते हैं, उसकी भरपाई कोई ‘लाइक’ या ‘कमेंट’ नहीं कर सकता। यही हमारी सच्ची मानवीय धरोहर है, जिसे हर कीमत पर बचाए रखना होगा।

## छिलकों की छाबड़ी

### नंगई के मजे...

पूरन सरमा
स्वतंत्र लेखक



**गांव** में थे तो कुएं पर नहाना होता था। चूंकि खुले में नहाते थे तो स्वाभाविक तौर पर अंडर गारमेंट्स पहन पर नहाना होता था। इससे एक हया, शर्म और संकोच का पर्दा दिमाग पर पड़ा रहता था। जीवन भी थोड़ा-बहुत अनुशासन में था। फिर शहर में आना हो गया तो मैं हम्माम में भी अंडर गारमेंट्स पहन कर ही काफी दिनों तक नहाता रहा। एक दिन मेरे प्रिय मित्र अमोलक जी आए और मुझे अकेला पाकर बोले, ‘शर्मा, हमने सुना है तुम हम्माम में भी कपड़े पहन कर नहा रहे हो?’ मैंने कहा, ‘हां, तो क्या हो गया?’ वे बोले, ‘हो कैसे नहीं गया। शहर में रह रहे हो तो शहर का सलीका सीखो। हम्माम में तो सब नंगे हैं और निर्वसन होकर ही नहाते हैं। भाई मेरे तक तो बात आ गई, कोई बात नहीं, लेकिन पास-पड़ोस में बात फैलेगी तो लोग तुम्हारा मजाक बनाएंगे। भाई हम्माम में अंदर हो, दरवाजा बंद है और तुमने कपड़े पहन रखे हैं। है न हास्यास्पद बात। मैं आज तुमसे कहे जा रहा हूं, कल से कपड़े उतार कर नहाना। फिर देखना तुम में कितने परिवर्तन होते हैं।’ अमोलक जी की बात दिमाग में जंच गई कि यार हम्माम में कपड़ों का क्या लफड़ा? और फिर नंगई के तो अपने मजे हैं। दूसरे दिन हम्माम में गया तो डरते-डरते निर्वसन हुआ। इसके तीन-चार दिन बाद तो मैं निर्भय होकर साबुन लगा कर नहाने लगा। मुझे भी लगा कि हम्माम में कपड़े पहनना कितना असभ्य तरीका था। इसके बाद मैं बिंदास, मुंहफट, जवाब देने वाला तथा मनोबल से सराबोर हो गया। शर्म-हया सब जाती रही। बड़े-छोटों का लिहाज तथा सभ्य तरीकों को त्याग कर मैं किसी से क्या कह देता, किसी से लड़ लेता, बेवजह घर में चीखता-चिल्लाता और इतना निर्भीक हो गया कि डिप्रेशन की जो गोली लेता था, उसकी आदत छूट गई तथा मैं बिंदासपूर्वक बेमजा बातों पर भी दांत फाड़ने लगा। पंद्रह-बीस दिन बाद अमोलक जी फिर आए और आते ही बोले, ‘अब बताओ कैसा महसूस कर रहे हो?’ मैंने कहा- ‘अमोलक भाई, आपने तो गजब का सूत्र दिया। जीने का मजा आ गया। किसी से भय, शर्म और संकोच सब खत्म हो गया तथा आत्मविश्वास इतना आ गया है कि पड़ौसी तक डरने लगे हैं। लोग कहने लगे हैं, इससे बात मत करो वरना अभी यह नंगईपन पर उतर आएगा तथा लेने के देने पड़ जाएंगे।’ अमोलक जी खुलकर हंसने के बाद बोले, ‘अब थोड़ा अपना दायरा बड़ा करो। सभा-संगोष्ठियों में जाना सीखो और भाषण देना प्रारंभ करो। फिर बताना नंगई के और कितने फायदे हुए।’ यह कह कर वे फिर अंतर्ध्यान हो गए। मैंने अब भाषण देना प्रारंभ किया। बेतुकी बातें करता, उस पर भी तालियां बजती और लोग खूब हंसते। इसका सीधा-सीधा फायदा यह हुआ कि लोग मुझे कार्यक्रमों में भाषण देने के लिए अब खुद बुलाने लगे। मैं कहीं अध्यक्षता करता तो कहीं मुख्य अतिथि बन जाता। इस तरह हौंसला अफजाई इतनी जबरदस्त हुई कि राजनेताओं में उठ-बैठ शुरू होने से मेरा जीवन राजनीति में रंगने और जमने लगा। अपनी पार्टी के युवा मोर्चे का मैं विद इन नो टाइम प्रदेश अध्यक्ष बन गया। पार्टी में धाक और साख जम गई।

## पाठकों के पत्र

### रेवड़ियां बांटना कितना उचित?

**सभी** राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए सरकारी खजाने से मुफ्त धन व अन्य वस्तुएं बांटने की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार करने का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने देश पर बढ़ते कर्ज और चुनावी लोकलुभावन घोषणाओं के बीच के खतरनाक संबंध को गंभीरता से लेते हुए जनहित याचिका की सुनवाई के लिए तत्परता दिखाई है, क्योंकि यह मुद्दा केवल चुनावी नैतिकता तक सीमित नहीं, बल्कि देश की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता से जुड़ा है। पिछले एक दशक में राज्यों का सार्वजनिक ऋण तेजी से बढ़ा है और रिज़र्व बैंक की विभिन्न रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि कई राज्य अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में खर्च कर रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और सुरक्षा जैसे जरूरी क्षेत्रों के लिए संसाधन सीमित हो रहे हैं। –सुभाष बुडावनवाला, रतलाम, एमपी

# नौकर ने गल्ले से उड़ाए साढ़े आठ लाख

## जालंधर की स्पोर्ट्स मार्केट में वारदात, दुकानदार की गाड़ी भी ले गया आरोपी

**निजी संवाददाता — जालंधर**



जालंधर वेस्ट के बस्ती-9 की स्पोर्ट्स मार्केट में बुधवार देर रात सन फ्लाई दुकान के गल्ले से उनका ही कर्मचारी 8.50 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। जब दुकान के मालिक ने आकर देखा तो उसके होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी। यह सारी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। दुकान की मालकिन मधु गुप्ता ने बताया कि उनकी शॉप पर काम करने वाला सोनू तिजोरी से साढ़े आठ लाख रुपए लेकर फरार हो गया। उसने बताया कि किसी ग्राहक की पेमेंट आई हुई थी, जिसे उनके पति गलती से दुकान की तिजोरी में ही भूल गए थे। चोरी के बाद सोनू दुकान की गाड़ी लेकर वहां से फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि उन्हें पुलिस का फोन आया और उन्होंने कहा कि उनकी गाड़ी लावारिस हालत में अंबाला से बरामद हुई है। इसके बाद उनके पति अंबाला के लिए निकल गए। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज बरामद की। पुलिस दुकान के आसपास के कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। फिलहाल पीड़ितों ने अपने कर्मचारी सोनू के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है और उसे जल्द आरोपी को काबू कर लिया जाएगा।

## कॉन्स्टल-नोकिया ने की साझेदारी

**नई दिल्ली।** स्पेस वर्ल्ड ग्रुप की सहायक कंपनी कॉन्स्टल और नोकिया ने पूरे भारत में अत्याधुनिक डेंस वेवलेंथ डिवीजन मल्टीप्लेक्सिंग ऑप्टिकल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की पैन इंडिया तैनाती के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी वेबस्केल इकोसिस्टम के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और पूरे देश में भरोसेमंद, उच्च प्रदर्शन वाली ऑप्टिकल कनेक्टिविटी को आगे बढ़ा रहा है। इस विकास के साथ कॉन्स्टल का फाइबर रोलआउट निर्बाध कनेक्टिविटी को पावर देने के लिए उच्च क्षमता वाला डिजिटल सेवा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगा, जिसकी शुरुआत मुंबई, भारत के प्रमुख डेटा सेंटर हब से होगी और आखिरकार पूरे भारत में इसका विस्तार होगा।

## रिलायंस डिजिटल की इंडिया सेल में मिलेगा कैशबैक का ऑफर

**एजेंसियां —मुंबई**




रिलायंस डिजिटल ने डिजिटल इंडिया सेल की वापसी की घोषणा की है। यह सेल ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेस पर शानदार ऑफर्स लेकर आई है। आज से शुरू होने वाली यह सेल 26 जनवरी तक चलेगी। ग्राहक 26000 तक इंस्टंट बैंक डिस्काउंट, कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन पर 30000 तक कैशबैक, और न्यू पेमेंट पर 5 फीसदी अनलिमिटेड डिस्काउंट वाली जबरदस्त बचत का फायदा उठा सकते हैं। टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करना, ज़्यादा आसान और किफायती बनाने के लिए डिजाइन की गई यह सेल, प्रमुख ब्रांड्स और प्रोड्क्ट कैटेगरी में आकर्षक डील्स दे रही है। डिजिटल इंडिया सेल देश भर के सभी रिलायंस डिजिटल और मायजियो स्टोर्स के साथ-साथ www.reliancedigital.in पर ऑनलाइन भी उपलब्ध है। रिलायंस डिजिटल भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर है। यह 800 से ज्यादा शहरों में मौजूद है, जिसमें 690 से भी ज्यादा बड़े फॉर्मेट वाले रिलायंस डिजिटल स्टोर्स और 900 से भी ज्यादा माय जियो स्टोर्स हैं, जो देश के कोने.कोने में ग्राहकों की सेवा में कार्यरत हैं और सभी के लिए बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी पहुंच में ला रहे हैं।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL KULLU, DISTRICT KULLU, H.P**

No. MCK/ENGG/PARKING/2026/ Dated:

**E-Procurement Notice**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Officer, Municipal Council Kullu, invites online bids in electronic tendering system, renting and leasing out parking places through. Proposals are invited from the interested companies/firms / professionals or individuals for the same.

| Job No. | Name of the work | EMD Amount | Contract Period | Cost of Tender Form |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Renting/Leasing out Parking place Gandhinagar Ward No. 11 MC Kullu | 1,00,000/- | 3 Years | 2,000 |
| 2. | Renting/Leasing out Parking place Kala Kender at Dhalpur Kullu. | 1,00,000/- | 3 Years | 2,000 |
| 3. | Renting/Leasing out Parking place Akahar Bazzar parking (River Side) at Kullu. | 1,00,000/- | 3 Years | 2,000 |
| 4. | Renting/Leasing out bus adda Entry fee at Dhalpur Kullu | 50,000/- | 3 Years | 2,000 |

**Key Dates:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of online publication | From 21.1.2026 at 05:00 PM |
| 2. | Document Downloaded Start Date | From 21.01.2026 at 06:00 PM |
| 3. | Bid Submission start date | From 21.01.2026 at 06:00 PM |
| 4. | Documents downloaded close date | From 30. 01.2026 at 12:00 PM |
| 5. | Bid submission close date | From 30.01.2026 at 12:00 PM |
| 6. | Physical Submission of EMD, Cost of Tender & Documents Dates etc. | From 30.01.2026 at 03:00 PM |
| 7. | Date of opening of technical and financial Bid | From 30.01.2026 at 03:30 PM |

- **President MC Kullu Executive Officer MC Kullu, reserves the right to cancel/ reject any or all tender received without assigning any reason. The bid documents are available online and bid should be submitted in only online mode on website:-http://hptenders.gov.in**

Sr. Executive Officer
Municipal Council Kullu Distt. Kullu (H.P.)

## आरईसी के महाप्रबंधक अवनीश भारती को आईसीपीए ट्रेजरी एक्सीलेंस अवॉर्ड




**नई दिल्ली। आरईसी के महाप्रबंधक अवनीश भारती को आईसीपीए ट्रेजरी एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित करतीं पूर्व विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी**

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — नई दिल्ली**

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत कंपनी आरईसी लिमिटेड के महाप्रबंधक (वित्त) अवनीश कुमार भारती को ट्रेजरी प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए आईसीपीए ट्रेजरी एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान नेशनल फाइनांस कॉन्क्लेव एंड अवॉर्ड्स 2026 के अवसर पर नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक विज्ञान भवन में आयोजित समारोह के दौरान प्रदान किया गया। इस अवसर पर अवनीश कुमार भारती को यह सम्मान पूर्व विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी एवं पूर्व पर्यावरणए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डा. हर्षवर्धन द्वारा देश के वित्त, बैंकिंग एवं नीति निर्माण क्षेत्र से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## हरिद्वार में पतंजलि एमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल

**निजी संवाददाता— हरिद्वार**



**हरिद्वार। पतंजलि एमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन करते गृह मंत्री अमित शाह**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को हरिद्वार में नवनिर्मित अस्पताल पतंजलि एमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का विधिवत लोकार्पण किया। पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित विश्व के प्रथम इंटीग्रेटेड मेडिसिन सिस्टम तथा योग, आयुर्वेद व आधुनिक चिकित्सा के समन्वय का वैश्विक केंद्र पतंजलि एमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल समस्त भारत के नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने एमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का निरीक्षण भी किया और इंटीग्रेटेड मेडिसिन सिस्टम की इस पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि यह हॉस्पिटल विश्व का प्रथम हाइब्रिड हॉस्पिटल बन गया है। यहां पहुंचने पर गृह मंत्री का पतंजलि योगपीठ परिवार की ओर से योग गुरु रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने कई संतों, भक्तों, शिष्यों, पतंजलि गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम के विद्यार्थियों के साथ हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव ने कहा कि यह संपूर्ण पतंजलि परिवार के लिए गौरव की बात है कि आज विश्व के इतिहास के प्रथम इंटीग्रेटेड हॉस्पिटल का लोकर्पण अपने राष्ट्रधर्म के साथ-साथ सनातन धर्म को सर्वोपरि रखने वाले, योग-आयुर्वेद को सर्वोपरि देखने वाले देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया।

## मारवल चाय अब नए पैक में



**गुरुग्राम।** देश के तेज़ी से बढ़ते पैकेज्ड चाय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए भारत की प्रमुख पैकेज्ड चाय कंपनी मारवल लिमिटेड ने अपने बेस्ट सेलिंग उत्पादों मारवल इलायची टी और मारवल यलो टी के लिए नए डिजाइन किए गए पैकेजिंग को लांच किया है। यह नया लुक ऐसे समय में शेल्फ विजिबिलिटी और उपभोक्ता जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से लाया गया है, जब देश में ब्रांडेड चाय की खपत में रिकॉर्ड वृद्धि देखी जा रही है। मारवल टी के एमडी परवीन जैन तथा संजय जैन ने कहा कि मारवल टी अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेज़ी से अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है और हमारी सेल्स व मार्केटिंग टीमें इस कार्य को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही हैं।

## मेधावियों को एक लाख का चेक सौंपा

**माहिलपुर।** श्रीगुरु गोबिंद सिंह खालसा कालेज माहिलपुर में आयोजित समारोह में एसपी सिंह ओबेरॉय चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रशासकों ने मेधावी छात्रों को एक लाख रुपए का चेक कालेज के प्रिंसीपल डा. परविंदर सिंह को सौंपा। इस अवसर पर ट्रस्ट के होशियारपुर जोन के प्रभारी अज्ञापाल सिंह, राकेश कुमार, चंद्र प्रकाश, कालेज के कार्यालय कर्मचारी गुरप्रीत सिंह, अनिल जंडोली, कमलप्रीत सिंह और छात्र उपस्थित थे



**नई दिल्ली। 'दिव्य हिमाचल' मीडिया ग्रुप के मीडिया मार्केटिंग विभाग के वाइस प्रेसिडेंट विपिन खरबंदा ने गुरुवार को सहायक महाप्रबंधक (जनसंपर्क) विजय कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें व्हाई इंडिया नीड्स द प्रेसिडेंट सिस्टम नामक पुस्तक भेंट की। यह पुस्तक 'दिव्य हिमाचल' मीडिया ग्रुप के सीएमडी श्री भानु धमिजा द्वारा लिखित है**

दिव्य हिमाचल **क्लासिफाइड**
छोटा विज्ञापन, बड़ा लाभ
संपर्क करें: 93180-49232, 94180-65257

कांगड़ा 01892-307700, 264713, फैक्स: 264700
शिमला 0177-2629030, 2627030
चंडीगढ़ 0172-4707700, 4192946

### NOTICE

- I, Shivangi Thakur Village Balwar P.O. Jukhala Tehsil Sadar Distt. Bilaspur H.P. declares that in my conductor's license my father's name wrongly recorded as Madan Lal. His correct name is Madan Lal Thakur. All concerned note.
Advt. No.: 12879

- I, NEERAJ KUMAR S/o BHAGAT RAM Resident of Vill. GADOURI, PO. SHAMSHI, Teh. and Distt. KULLU, PIN:175126 H.P., INDIA declare that I have changed my name from NEERAJ to NEERAJ KUMAR.
Advt. No.: 12882

- I, JC 521886Y Sub (Hony Capt) Vijay Singh (Retd.) S/o Sh. Mauji Ram R/o VPO Karyara, Teh. Dehra, Distt. Kangra (H.P) declares that in my Army record my Daughter's name wrongly entered as Sakashi Kumari. Whereas her correct name is Sakshi Kumari. Please note.
Advt. No.: 12885

- मैं, चमन लाल शर्मा पुत्र बिहारी लाल, गांव समरियाल, डाकघर पंचरुखी, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) यह घोषणा करता हूं कि मेरा नाम चमन लाल SBI के सर्विस रिकार्ड में गलत दर्ज है। मेरा सही नाम चमन लाल शर्मा है। कृपया ध्यान दें।
Advt. No.: 12877

- मैं, सीता खड़का पत्नी स्व. तिलक राम वासी हाल मकान 1139/7 गोविंदपुरा मनीमाजरा चंडीगढ़ बयान करती हूं कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण में विशाल और मां का नाम सीता है, जबकि पुत्र का नाम विशाल ओली, माता का नाम सीता खड़का है जो सही है। सभी संबंधित कृपया नोट करें।
Advt. No.: 12881

### नाम परिवर्तन

- मैं, गिरी राज पुत्र जीवन लाल गांव बकशाहल, डाकघर व तहसील सैंज कुल्लू हि.प्र. बयान करता हूं कि मैं अपने सभी दस्तावेजों में अपनी जन्मतिथि 05/04/2005 की जगह 04/05/2005 सही दर्ज करना चाहता हूं और मैं अपना नाम गिरधारी लाल की जगह गिरी राज सही दर्ज करना चाहता हूं। सभी संबंधित नोट करें।
Advt. No.: 12874

- मैं, नीता देवी पत्नी रमेश चंद निवासी ग्राम कांडो दुगाना, डाकघर दुगाना, तहसील कमरऊ, जिला सिरमौर (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरी बेटी लक्षिता ठाकुर का नाम आधार कार्ड (UIN - 9483-3775-9612) में ठाकुर लक्षिता पुंडीर (जन्म तिथि 02-09-2012) दर्ज है। सभी दस्तावेज में इसे लक्षिता ठाकुर दर्ज किया जाए।
Advt. No.: 12902

### बेदखली सूचना

- मैं, रोशन लाल, पुत्र स्व. संत राम, निवासी मकान नं. 3, चना मोहल्ला, तहसील व जिला सोलन, (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा विक्रम कुमार व उसकी पत्नी सुनिता देवी, मेरे व मेरी धर्मपत्नी कौशल्या देवी के कहने-सुनने से बाहर हैं व हमारी कोई भी बात नहीं मानते हैं। अत: मैं अपने पुत्र विक्रम कुमार व उसकी पत्नी सुनिता देवी को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
Advt. No.: 12901

### कोर्ट नोटिस

**Notice to Appear/Attend Proceedings of DLM&SFC-Ldh**

Through this Publication this is for constructive Notice for respondent M/s HIMVALLEY FOODS, PLOT No. 16/11, Industrial Area, Himachal Pradesh to appear in person or through Authorized representative before the District Level Micro & Small facilitation Council Ludhiana, District Industries Centre, Ludhiana on dated 16.02.2026 Regarding claim reference petition submitted by GREEN FUEL INDIA FOCAL POINT KHANNA U/s 18 (1) of MSME Act 2006 bearing Reference, No. PB/12/M/LUD/03375 respondent still fails or omits to appear as above then arbitration proceeding shall be conducted as per section 23 & 25 of arbitration & Conciliation Act and award shall also be passed on the basis of evidence before it.

Member Secretary cum
General Manager
District Industries Centre
Industrial Estate, Ludhiana
Email id: dicludhiana5@gmail.com
Ludhiana.msefc@gmail.com

**In the Court of Senior Civil Judge Kinnaur at ReckongPeo District Kinnaur H.P.**

In re:- **Case No. SFD/08/2025**

Chander Prakash S/o Sh. Birbal Singh alias Balbir Singh, R/o Village and Post Office Huri Gram Panchayat Yangpa-I, Tehsil Nichar, Kinnaur H.P.
**Plaintiff......**
**Versus**
The General Public
**Defendant.......**
**Suit for Declaration**
**Notice to General Public**

Whereas, in the above noted case it has been proved to the satisfaction of the court that the above named defendant cannot be served in the ordinary way, hence this proclamation is hereby issued against them to appear in the court on 20.03.2026 at 10:00 A.M. to defend the case personally or through an authorised agent or pleader falling which ex-parte proceedings will be taken against them.

Given under my hand and seal of the court, this 16th day of January, 2026.

Seal — Senior Civil Judge
Kinnaur District at ReckongPeo.

**कार्यालय आफिसर पंजीयक विवाह दी स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) इंदौरा जिला कांगड़ा हि.प्र.**

क्रमांक /रीडर/विवाह/2026 दिनांक:

1. श्री रूस्तम कुमार पुत्र श्री हंस राज निवासी गांव व डा. इन्दपुर, तहसील इन्दौरा, जिला काँगड़ा, हि.प्र.
2. मलीहा पुत्री श्री महमूद हसन निवासी D-717 Old / 288, Gali No. 15, Shre Ram Colony, Rajeev Nagar Karawal Nagar, PO Karawal Nagar, North East Delhi-110094.

बनाम आम जनता

**विषय:** इश्तहार मुनादि बाबत विवाह पंजीकृत बारे।

उपरोक्त निवेदकों ने हमारे सन्मुख आवेदन प्रस्तुत किया है कि उन्होंने आपस में विवाह कर लिया है, जिसे वह पंजीकृत करवाना चाहते हैं। अतः अंडर दी स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 की धारा 5 के अंतर्गत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त विवाह पंजीकृत करने बारे कोई आपत्ति /एतराज हो तो वे किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आकर या दिनांक 23-02-2026 तक असालतन या वकालतन उपस्थित/हाजिर होकर अपना एतराज/आपत्ति दर्ज करवा सकता है, अन्यथा उक्त विवाह नियमानुसार पंजीकृत कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 20-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी हुआ।

उपमंडल अधिकारी (ना.)
एवं आफिसर पंजीयक विवाह
इंदौरा जिला कांगड़ा हि.प्र.

**ब अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी, (नायब तहसीलदार) उपतहसील लम्बलू, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)।**

**किस्म मुकदमा:- जन्मतिथि पंजीकरण**
**आगामी तारीख पेशी: 19.02.2026**

श्रीमती मीरां देवी पुत्री श्री भगवान दास वासी गांव व डा. चमनेड, उपतहसील लंबलू, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) ...प्रार्थीगण

आम जनता

**नोटिस बनाम आम जनता**

उपरोक्त अनवान वाला में आपको लिखा जाता है कि श्रीमती मीरां देवी पुत्री श्री भगवान दास वासी गांव व डा. चमनेड, उपतहसील लंबलू, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र दायर किया है, जिसमें प्रार्थी ने प्रार्थना की है कि उसका जन्म दिनांक 06/06/1968 को महाल चमनेड में हुआ है, परंतु जन्मतिथि का इंद्राज रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु में दर्ज नहीं हुआ है। साबका ग्राम पंचायत चमनेड में दर्ज नहीं हुआ है। अतः दर्ज किए जाने की प्रार्थना की है।

अतः आम जनता को बजरिया मुश्त्री मुनादी/अखबार इश्तहार सूचित किया जाता है कि उक्त इंद्राज बारे कोई उजर/एतराज है तो वह असालतन/वकालतन दिनांक 19/2/2026 को प्रातः 11:00 बजे हाजिर न्यायालय आकर उजर कर सकता है। अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

हस्ता./-
कार्यकारी दंडाधिकारी
लंबलू, जिला हमीरपुर हि.प्र.

### कोर्ट नोटिस

**अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी हरिपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**केस नंबर:** 02/TC/26
**तारीख दायर:** 21-01-2025
**तारीख पेशी:** 04-02-2026

साहिब सिंह पुत्र लछमन सिंह निवासी महाल दरगैह, तहसील हरिपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ...प्रार्थी

बनाम आम जनता ...प्रतिवादी

**विषय :** प्रार्थना पत्र बाबत नाम दुरुस्ती वाकया महाल दरगैह, तहसील हरिपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. में उदघोषणा इश्तहार अखबार/ मुन्यादी करवाने बारे।

उपरोक्त विषय बारे साहिब सिंह पुत्र लछमन सिंह निवासी महाल दरगैह, तहसील हरिपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने आवेदन पत्र बाबत अपने नाम की दुरुस्ती बारे दायर किया है कि प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड स्थित महाल दरगैह, तहसील हरिपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. में साहबू दर्ज है व स्कूल प्रमाण पत्र, परिवार नकल, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि दस्तावेज में उसका सही नाम साहिब सिंह दर्ज है। प्रार्थी उक्त महाल दरगैह, तहसील हरिपुर के राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम साहिब सिंह उपनाम साहबू दर्ज करवाना चाहता है।

इस बारे आरंभिक छानबीन क्षेत्रीय राजस्व इकाई से करवाई गई, जिसमें पाया गया कि प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड उक्त महाल दरगैह में साहबू पुत्र लच्छू व अन्य दस्तावेज में साहिब सिंह पुत्र लछमन सिंह दर्ज है जो कि रिपोर्ट क्षेत्रीय अभिकरण अनुसार दुरुस्ती होना बाजिव है।

अतः इस इश्तहार/ सूचना द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस उपरोक्त नाम की दुरुस्ती बारे कोई आपत्ति हो तो वह असालतन या वकालतन दिनांक 04-02-2026 को इस अदालत में प्रातः 10.00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है, अन्यथा गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नाम दुरुस्ती करने बारे नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे तथा बाद में कोई भी उजर मान्य नहीं होगा।

आज दिनांक 05-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारीह हुआ है।

हस्ता./-
सहायक समाहर्ता हरिपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**पंजाब नैशनल बैंक** भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

**एआरएमबी: शिमला रिजेंट हाउस, दि माल रोड, शिमला-171001**
**ई-मेल: CS8314@pnb.co.in**

**अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणियों व गारंटरों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/ प्रभारित निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का बैंक/सिक्योर्ड क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संरचनात्मक/ भौतिक/ प्रतीकात्मक कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी संबंधित ऋणियों एवं गारंटरों से बैंक/ सिक्योर्ड क्रेडिटर की नियत देय राशि की वसूली हेतु निम्न वर्णित तालिका में वर्णित अनुसार तिथि पर **''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'' तथा ''जैसी भी है जहां है''** आधार पर बिक्री की जाएगी। आरक्षित कीमत व धरोहर राशि संबंधित संपत्तियों के अंतर्गत निम्न तालिका में वर्णित अनुसार होगी।

| लॉट सं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / खाता/गारंटर का नाम एवं पता, खाता | सिक्योर्ड परिसंपत्तियों की अनुसूची: मोर्टगेज्ड अचल संपत्ति का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्तियों के मोर्टगेजर) | ए) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना की तिथि बी) बकाया देय राशि सी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अधीन कब्जे की तिथि डी) कब्जे की प्रकृति- (प्रतीकात्मक/भौतिक) | ए) आरक्षित कीमत बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय / सिक्योर्ड क्रेडिटर्स को ज्ञात भारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **बीओ: टाहलीवाल**<br>**मेसर्स ग्वाला कैटल फीड**<br>**(भागीदारी फर्म):** मेसर्स ग्वाला कैटल फीड, प्लाट सं. 57-58, फेस 1ए, औद्योगिक क्षेत्र, टाहलीवाला, तहसील हरोली, जिला ऊना (हिप्र.)<br>**(भागीदार एवं गारंटर):** श्रीमती ऊषा चीतु पत्नी श्री बाम देव निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, उप तहसील मेहतपुर बसदेहड़ा, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार एवं गारंटर):** श्रीमती सुमन चीतु पत्नी श्री हरीश चीतु निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, उप तहसील मेहतपुर बसदेहड़ा, जिला ऊना (हिप्र.) 174301 | भूमि माप 0-00-43 हेक्टस, विवरण निम्नानुसारः-<br>1) खेवट सं. 213, खतौनी सं. 268 से 273, खसरा सं. 148, 146, 157, 147, 154, 149, कित्ता-6 में सम्मिलित भूमि माप 0-07-46 हेक्टस में से 3/64 हिस्से के तौर पर भूमि माप 0-00-35 हेक्ट्स।<br>2) मोहाल टाहलीवाल उपरला, तहसील हरोली, जिला ऊना (हिप्र.) में स्थित वर्ष 2017-2018 के लिए जमाबंदी में प्रविष्ट अनुसार खेवट सं. 214, खतौनी सं. 274, खसरा सं. 153 में सम्मिलित भूमि माप 0-07-71 हेक्ट्स में से 3/64 हिस्से के तौर पर भूमि माप 0-00-08 हेक्ट्स तथा श्री सुरिंदर कुमार पुत्र श्री संत राम, वार्ड सं. 4, वीपीओ नंगल कलां, तहसील हरोली, जिला ऊना (हिप्र.) के नाम में उस पर संलग्न सभी प्रकार के ईजमेंट के सभी अधिकारों के साथ उस पर निर्मित निर्माण एवं सुपरस्ट्रक्चर। | ए) 20.12.2024<br>बी) रु. 1,11,88,368.44 (केवल एक करोड़ ग्यारह लाख अठासी हजार तीन सौ अड़सठ रुपए एवं चौवालीस पैसे) तथा पूर्ण राशि के भुगतान तक संविदात्मक दर पर आगामी ब्याज के साथ<br>सी) 20.03.2025<br>डी) प्रतीकात्मक | रु. 20.40 लाख<br>रु. 2.04 लाख<br>रु. 1.00 लाख | 18.02.2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे<br>ज्ञात नहीं |
| | **(भागीदार एवं गारंटर):** श्री सुनील कुमार चीतु पुत्र श्री अविनाश चीतु, निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, उप तहसील मेहतपुर बसदेहड़ा, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार, गारंटर एवं मोर्टगेजर के कानूनी उत्तराधिकारी):** स्व. श्री सतीश कुमार चीतु) श्रीमती कुसुम चीतु पत्नी स्व. श्री सतीश कुमार चीतु निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, तहसील ऊना, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार, गारंटर एवं मोर्टगेजर)** स्व. श्री सतीश कुमार चीतु के कानूनी उत्तराधिकारी) श्री नंदन चीतु पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार चीतु, निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, तहसील ऊना, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार, गारंटर एवं मोर्टगेजर)** स्व. श्री सतीश कुमार चीतु के कानूनी उत्तराधिकारी) श्री वंश चीतु पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार चीतु निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, तहसील ऊना, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(गारंटर एवं मोर्टगेजर)** श्री रौनक लाल पुत्र श्री मदन लाल निवासी गांव मोजोवाल, तहसील नंगल, जिला रोपड़ (पंजाब)-140126<br>**(गारंटर एवं मोर्टगेजर)** श्री सुरिंदर कुमार पुत्र श्री संत राम निवासी वार्ड सं. 4, वीपीओ नंगल कलां, तहसील हरोली, जिला ऊना (हिप्र.)-174507 | | | | |
| 2. | **बीओ: टाहलीवाल**<br>**मेसर्स ग्वाला कैटल फीड**<br>**(भागीदारी फर्म):** मेसर्स ग्वाला कैटल फीड, प्लाट सं. 57-58, फेस 1ए, औद्योगिक क्षेत्र, टाहलीवाला, तहसील हरोली, जिला ऊना (हि.प्र.)<br>**(भागीदार एवं गारंटर):** श्रीमती ऊषा चीतु पत्नी श्री बाम देव निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, उप तहसील मेहतपुर बसदेहड़ा, जिला ऊना (हिप्र.) 174301 | निम्न वर्णित अनुसार वाणिज्यिक भूमि एवं भवन के सभी भाग एवं पार्सलः-<br>गांव नायल नंगल, एचबी सं. 532, तहसील-नंगल, जिला रूपनगर (पंजाब) में स्थित वर्ष 2015-16 के लिए जमाबंदी में प्रविष्ट अनुसार श्री रोनक लाल पुत्र श्री मदन लाल के नाम में खाता सं. 192/193, खसरा सं. 100/30 (1-0) में सम्मिलित भूमि माप 1 के-0 मरले में से 11/20 हिस्से के तौर पर भूमि माप 0 के-11 मरले। | ए) 20.12.2024<br>बी) रु. 1,11,88,368.44 (केवल एक करोड़ ग्यारह लाख अठासी हजार तीन सौ अड़सठ रुप, एवं चौवालीस पैसे) तथा पूर्ण राशि के भुगतान तक संविदात्मक दर पर आगामी ब्याज के साथ<br>सी) 20.03.2025<br>डी) प्रतीकात्मक | रु. 47.60 लाख<br>रु. 4.76 लाख<br>रु. 1.00 लाख | 18.02.2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे<br>ज्ञात नहीं |
| | **(भागीदार एवं गारंटर):** श्रीमती सुमन चीतु पत्नी श्री हरीश चीतु निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, उप तहसील मेहतपुर बसदेहड़ा, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार एवं गारंटर):** श्री सुनील कुमार चीतु पुत्र श्री अविनाश चीतु, निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, उप तहसील मेहतपुर बसदेहड़ा, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार, गारंटर एवं मोर्टगेजर के कानूनी उत्तराधिकारी):** स्व. श्री सतीश कुमार चीतु) श्रीमती कुसुम चीतु पत्नी स्व. श्री सतीश कुमार चीतु निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, तहसील ऊना, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार, गारंटर एवं मोर्टगेजर)** स्व. श्री सतीश कुमार चीतु के कानूनी उत्तराधिकारी) श्री नंदन चीतु पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार चीतु, निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, तहसील ऊना, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार, गारंटर एवं मोर्टगेजर)** स्व. श्री सतीश कुमार चीतु के कानूनी उत्तराधिकारी) श्री वंश चीतु पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार चीतु निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, तहसील ऊना, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(गारंटर एवं मोर्टगेजर)** श्री रौनक लाल पुत्र श्री मदन लाल निवासी गांव मोजोवाल, तहसील नंगल, जिला रोपड़ (पंजाब)-140126<br>**(गारंटर एवं मोर्टगेजर)** श्री सुरिंदर कुमार पुत्र श्री संत राम निवासी वार्ड सं. 4, वीपीओ नंगल कलां, तहसील हरोली, जिला ऊना (हिप्र.)-174507 | | | | |
| 3. | **बीओ: टाहलीवाल**<br>**मेसर्स ग्वाला कैटल फीड**<br>**(भागीदारी फर्म):** मेसर्स ग्वाला कैटल फीड, प्लाट सं. 57-58, फेस 1ए, औद्योगिक क्षेत्र, टाहलीवाला, तहसील हरोली, जिला ऊना (हिप्र.)<br>**(भागीदार एवं गारंटर):** श्रीमती ऊषा चीतु पत्नी श्री बाम देव निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, उप तहसील मेहतपुर बसडेहरा, जिला ऊना (हिप्र.) 174301 | निम्न वर्णित अनुसार वाणिज्यिक भूमि एवं भवन के सभी भाग एवं पार्सलः-<br>गांव नायल नंगल, एचबी सं. 532, तहसील नंगल, जिला रूपनगर (पंजाब) में स्थित वर्ष 2015-16 के लिए जमाबंदी में प्रविष्ट अनुसार श्री रोनक लाल पुत्र श्री मदन लाल के नाम में खाता सं. 192/193, खसरा सं. 100/30 (1-0) में सम्मिलित भूमि माप 1के-0 मरले में से 11/20 हिस्से के तौर पर भूमि माप 0के-11 मरले। | ए) 20.12.2024<br>बी) रु. 1,11,88,368.44 (केवल एक करोड़ ग्यारह लाख अठासी हजार तीन सौ अड़सठ रुपए एवं चौवालीस पैसे) तथा पूर्ण राशि के भुगतान तक संविदात्मक दर पर आगामी ब्याज के साथ<br>सी) 20.03.2025<br>डी) प्रतीकात्मक | रु. 63.75 लाख<br>रु. 6.38 लाख<br>रु. 1.00 लाख | 18.02.2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे<br>ज्ञात नहीं |
| | **(भागीदार एवं गारंटर):** श्रीमती सुमन चीतु पत्नी श्री हरीश चीतु निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, उप तहसील मेहतपुर बसदेहड़ा, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार एवं गारंटर):** श्री सुनील कुमार चीतु पुत्र श्री अविनाश चीतु, निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, उप तहसील मेहतपुर बसदेहड़ा, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार, गारंटर एवं मोर्टगेजर के कानूनी उत्तराधिकारी):** स्व. श्री सतीश कुमार चीतु) श्रीमती कुसुम चीतु पत्नी स्व. श्री सतीश कुमार चीतु निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, तहसील ऊना, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार, गारंटर एवं मोर्टगेजर)** स्व. श्री सतीश कुमार चीतु के कानूनी उत्तराधिकारी) श्री नंदन चीतु पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार चीतु, निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, तहसील ऊना, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(भागीदार, गारंटर एवं मोर्टगेजर)** स्व. श्री सतीश कुमार चीतु के कानूनी उत्तराधिकारी) श्री वंश चीतु पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार चीतु निवासी वार्ड सं. 3, वीपीओ सनोली, तहसील ऊना, जिला ऊना (हिप्र.) 174301<br>**(गारंटर एवं मोर्टगेजर)** श्री रौनक लाल पुत्र श्री मदन लाल निवासी गांव मोजोवाल, तहसील नंगल, जिला रोपड़ (पंजाब)-140126<br>**(गारंटर एवं मोर्टगेजर)** श्री सुरिंदर कुमार पुत्र श्री संत राम निवासी वार्ड सं. 4, वीपीओ नंगल कलां, तहसील हरोली, जिला ऊना (हिप्र.)-174507 | | | | |
| 4. | **बीओ: बचत भवन ऊना**<br>**मेसर्स राघव इंडस्ट्रीज**<br>**मेसर्स राघव इंडस्ट्रीज प्रोप. श्री भूषण कुमार शर्मा** पुत्र श्री किशोरी लाल शर्मा वीपीओ बासल, तहसील एवं जिला ऊना हिप्र. पिन-174303<br>**(प्रोपराईटर एवं मोर्टगेजर):** श्री भूषण कुमार शर्मा पुत्र श्री किशोरी लाल शर्मा<br>1) निवासी वीपीओ बासल, तहसील एवं जिला ऊना हि.प्र. पिन-174303, 2) निवासी मकान सं. 494, सेक्टर-6, मनसा देवी कॉम्पलेक्स, पंचकूला, हरियाणा-134114, 3) निवासी मकान सं. 6325/जीएफ, राजीव विहार, मनीमाजरा चंडीगढ़-160101 | वाणिज्यिक भूमि एवं भवन माप 4के-10 मरले विवरण निम्नानुसारः-<br>ए) खेवट सं. 75 मिन खतौनी 165 मिन खसरा सं. 494, 495, किता-2 में सम्मिलित भूमि माप 15के-2 मरले में से 49/302 हिस्से के तौर पर भूमि माप 2के-9 मरले।<br>बी) खेवट सं. 221 मिन, खतौनी सं. 407 मिन, खसरा सं. 497, 499, 500/1, 502 किता-4 में सम्मिलित भूमि माप 35के-5 मरले में से 36/705 हिस्से के तौर पर भूमि माप 1के-16 मरले।<br>सी) अप मोहाल, रैनसारी, निचली, तहसील एवं जिला ऊना (हिप्र) में स्थित वर्ष 1981-82 के लिए जमाबंदी में प्रविष्ट अनुसार खेवट सं. 220 मिन, खतौनी सं. 406 मिन खसरा सं. 2302/496, 498 किता 2 में सम्मिलित भूमि माप 0के-17 मरले में से 5/17 हिस्से के तौर पर भूमि माप 0के-5 मरले। | ए) 07.12.2021<br>बी) रु. 11,01,76,103.97 (केवल ग्यारह करोड़ एक लाख छिहत्तर हजार एक सौ तीन रुपए एवं सत्तानवे पैसे)तथा पूर्ण राशि के भुगतान तक संविदात्मक दर पर आगामी ब्याज के साथ<br>सी) 25.07.2023<br>डी) भौतिक | रु. 312.00 लाख<br>रु. 31.20 लाख<br>रु. 1.00 लाख | 18.02.2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे<br>ज्ञात नहीं |
| | **(गारंटर):** श्रीमती नीलम शर्मा विधवा स्व. श्री शिव कुमार शर्मा, 1) निवासी मकान सं. 1, माउंट एवेन्यू समीप माउंट कार्मेल स्कूल रकड, तहसील एवं जिला ऊना (हिप्र) पिन-174303, 2) निवासी 55/12, कृष्णा नगर, होशियारपुर 144211<br>**(गारंटर एवं मोर्टगेजर):** श्री सागर शर्मा पुत्र श्री शिव कुमार शर्मा 1) निवासी मकान सं. 1, माउंट एवेन्यू समीप माउंट कार्मेल स्कूल रकड, तहसील एवं जिला ऊना (हिप्र) पिन-174303, 2) निवासी 55/12, कृष्णा नगर, होशियारपुर 144211<br>**(गारंटर एवं मोर्टगेजर):** श्री राजा पृथु शर्मा पुत्र श्री विजय शर्मा निवासी मकान सं. 1026, सेक्टर 40/बी, चंडीगढ़, पिन-160036<br>**(गारंटर एवं मोर्टगेजर):** श्री पवन कुमार शर्मा पुत्र श्री किशोरी लाल शर्मा, 1) वीपीओ बासल, तहसील एवं जिला ऊना (हिप्र) पिन-174303, 2) निवासी गांव ल्योडी, तहसील एवं जिला ऊना (हिप्र)-174303,<br>**(गारंटर):** श्रीमती मीनू शर्मा पत्नी श्री भूषण कुमार शर्मा, 1) निवासी वीपीओ बासल, तहसील एवं जिला ऊना (हिप्र), 2) निवासी मकान सं. 494, सेक्टर-6, मनसा देवी कॉम्पलेक्स, पंचकूला, हरियाणा-134114, 3) निवासी मकान सं. 6325/जीएफ, राजीव विहार, मनीमाजरा चंडीगढ़-160101 | | | | |

**नियम एवं शर्तें :** बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्दिष्ट नियम एवं शर्तों और निम्नलिखित आगामी शर्तों का विषय होगी: 1. संपत्तियां **''जैसी है जहां है'' तथा ''जो है जैसा है'' और ''जहां है जैसी है''** आधार पर बेची जाएंगी। 2. उक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सिक्योर्ड परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी के पूर्ण ज्ञान के अनुसार दर्ज किया गया है परंतु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत जानकारी अथवा विलोपन के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री वेबसाईट **https://baanknet.com/** पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से 18.02.2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। 4. बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **https://baanknet.com** एवं **www.pnb.bank.in** पर संपर्क करें।

**दिनांक: 21.01.2026**
**स्थान: शिमला**

(हस्ता/-)प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक, सिक्योर्ड क्रेडिटर

# दुनियाभर के विवाद सुलझाएगा अमरीका

## दावोस में ट्रंप का 'शांति बोर्ड' लांच, संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर करेंगे काम



एजेंसियां — वाशिंगटन

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की बैठक के दौरान अपने बहुप्रतीक्षित 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) का औपचारिक अनावरण किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने 'बोर्ड ऑफ पीस' के फाउंडिंग चार्टर पर साइन किए। यूनाइटेड नेशन के तर्ज पर बनाए गए इस बोर्ड का शुरुआती फोकस गाजा पर होगा, लेकिन इसका विस्तार दुनियाभर के विवादों को सुलझाने के लिए हो सकता है। इसमें पाकिस्तान समेत कई देशों ने सदस्य बनने के लिए सहमति दी है।हस्ताक्षर समारोह के दौरान ट्रंप ने स्पष्ट किया कि यद्यपि उन्होंने अतीत में यूएन की आलोचना की है, लेकिन वह चाहते हैं कि उनका यह नया बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर काम करे। उन्होंने कहा कि एक बार जब यह बोर्ड पूरी तरह से गठित हो जाएगा, तो हम जो चाहें कर सकेंगे और हम इसे संयुक्त राष्ट्र के साथ तालमेल बिठाकर करेंगे। ट्रंप ने अपने संबोधन में गाजा संघर्ष को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए हमास को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हमास को अपने हथियार डालने होंगे, अन्यथा उनका अंत निश्चित है। अगर यह संगठन अपने हथियार त्यागने पर सहमत नहीं होता, तो इसे उड़ा दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि इजरायल-गाजा युद्ध अब अपने समाप्ति की ओर है और उनका शांति बोर्ड गाजा के पुनर्निर्माण तथा वहां एक स्थायी शांति व्यवस्था कायम करने में मुख्य भूमिका निभाएगा।

### भारत ने बनाई दूरी, पाक संग 22 देश बने सदस्य

बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए अमरीका ने भारत को भी न्योता दिया था, लेकिन भारत ने इससे दूरी बना ली। भारत के अलावा फ्रांस, ब्रिटेन, चीन, जर्मनी और कई अन्य प्रमुख देश भी न्योते के बावजूद 'शांति बोर्ड' के अनावरण समारोह से नदारद रहे। वहीं साइन सेरेमनी के दौरान कुल 22 देशों ने इस चार्टर पर साइन किए। पीस बोर्ड पर साइन करने वाले देशों में अमरीका, बहरीन, मोरक्को, अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बेल्जियम, बुल्गारिया, मिस्र, हंगरी, इंडोनेशिया, जॉर्डन, कजाकिस्तान, कोसोवो, मंगोलिया, पाकिस्तान, पराग्वे, कतर, सऊदी अरब, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात और उज्बेकिस्तान हैं।

- कहा; गठन हो गया, तो हम जो चाहें कर सकेंगे
- हमास को चेतावनी; हथियार डालने होंगे, वरना अंत निश्चित

### ट्रंप का यू-टर्न, यूरोपीय देशों पर टैरिफ नहीं लगाएगा यूएस

**वाशिंगटन।** अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा यू-टर्न लेते हुए टैरिफ वाली धमकी वापस ले ली है। ट्रंप ने घोषणा की कि वह ग्रीनलैंड पर अमरीकी कंट्रोल को लेकर यूरोप में अमरीकी सहयोगियों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को रद्द कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने और नाटो के नेता ने ग्रीनलैंड की सुरक्षा पर 'भविष्य के समझौते के लिए एक फ्रेमवर्क' पर सहमति जताई है। बता दें कि पहली फरवरी से यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगने वाला था। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने नाटो चीफ जनरल मार्क रुट्टे संग बातचीत के बाद यह फैसला लिया।

# मनरेगा खत्म करना गरीबों को बंधुआ मजदूर बनाने की साजिश



दिव्य हिमाचल ब्यूरो — नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' को लेकर गुरुवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को खत्म करना गरीबों को 'बंधुआ मजदूर' बनाने की साजिश है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 28 जनवरी से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र के दौरान उनका दल इस मुद्दे को उठाएगा। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी माथे पर गमछा बांधे और हाथों में फावड़ा लिए मजदूर की वेशभूषा में नजर आए। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण भारत की जीवन रेखा है, जिसे बचाना हम सभी की साझी जिम्मेदारी है। ये गांव में बसने वाले भारत की आत्मा है, जिसे सहेजना ही होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता मनरेगा की रक्षा के लिए लड़ने को तैयार है। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि मनरेगा पर भाजपा का हमला ग्राम स्वराज मिटाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि मनरेगा को मिटाना महात्मा गांधी का अपमान है। ये देश इस हिमाकत को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### 1984 सिख दंगों के एक केस में सज्जन कुमार बरी


**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को 1984 के सिख विरोधी दंगे से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद रह चुके सज्जन कुमार को बरी कर दिया है। बता दें कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान दिल्ली के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हिंसा हुई थी। मामले में कोर्ट के स्पेशल जज डिग विनय सिंह ने मौखिक रूप से एक संक्षिप्त आदेश सुनाते हुए सज्जन कुमार को बरी कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगस्त 2023 अदालत ने सज्जन कुमार पर दंगा करने और दुश्मनी फैलाने का आरोप लगाया था, जबकि सज्जन कुमार को हत्या और आपराधिक साजिश के अपराधों से बरी कर दिया गया था। इस मामले में पहले विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने पिछले साल दिसंबर में सुनवाई पूरी हो जाने के बाद 22 जनवरी तक अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# महाराष्ट्र में होगा महिलाओं का राज

**मुंबई।** महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद बहुप्रतीक्षित मेयर के आरक्षण की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा गुरुवार को मंत्रालय में शहरी विकास राज्य मंत्री माधुरी मिसल की उपस्थिति में हुई। गुरुवार को मुंबई में लॉटरी सिस्टम से इन्हें चुना गया। इस घोषणा के अनुसार, 50 प्रतिशत महिला आरक्षण नीति के तहत, 29 में से 15 नगरों में इस वर्ष महिला मेयर होंगी। इससे राज्य के स्थानीय स्वशासन निकायों में महिलाओं के वर्चस्व को एक बार फिर बल मिला है। राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण माने जाने वाले मुंबई, पुणे, नागपुर और नासिक सहित चारों बड़े शहरों में महिलाओं के लिए सामान्य आरक्षण की घोषणा कर दी गई है। इसके चलते अब इन शहरों में महिला मेयर बनेंगी। आरक्षण की घोषणा होते ही राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। उद्धव गुट की नेता किशोरी पेडणेकर ने मुंबई महानगरपालिका के आरक्षण पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संदेह व्यक्त किया है।

# दुनिया को मर्यादा सिखाए भारत पर किताब और भाषण से नहीं

एजेंसियां — नागौर



दुनियाभर में चल रहे अस्थिरता के माहौल के बीच आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने दुनिया में भारत की भूमिका कैसी होनी चाहिए, इस पर अपनी बात रखी। भागवत ने इस दौरान कहा कि दुनिया को भारत मर्यादा सिखाए, लेकिन भाषण और पुस्तक से नहीं, बल्कि अपने आचरण से दुनिया को सिखाए। भारत सबकी चिंता करता है। आज बिना स्वार्थ के दुनिया की चिंता करने वाला भारत ही है। भारत ने पाकिस्तान की बाढ़ में मदद की। मालदीव और नेपाल ओर श्रीलंका की भी मदद की। भागवत ने कहा कि पूरे विश्व के साथ भी भारत के आत्मीयता के संबंध हैं। उन्होंने कहा कि हमारे संबंध बलपूर्वक व आर्थिक ताकत से नहीं हैं। भागवत ने इस दौरान धर्म की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि मदद करना भारत को धर्म सिखाता है। कब क्या करना है और कब क्या नहीं करना , ये सब धर्म सिखाता है। भारत के कण-कण में धर्म है। भारत की मूल भावना ही धर्म आधारित है। आज स्वार्थ सिद्धी ही दुनिया का सिस्टम बन गया, लेकिन भारत ऐसा नहीं करता, क्योंकि भारत धर्म जानता है।

### आंध्र में बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर बैन की तैयारी



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की चंद्रबाबू नायडू सरकार 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। यह खुलासा राज्य के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान किया। नारा लोकेश ने कहा कि कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया पर मौजूद कई तरह की सामग्री को सही तरीके से समझ नहीं पाते, जिससे उनके मानसिक और भावनात्मक विकास पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि एक निश्चित उम्र से कम के बच्चों को ऐसे प्लेटफॉर्म पर नहीं होना चाहिए। वे यह नहीं समझ पाते कि वे किस तरह के कंटेंट के संपर्क में आ रहे हैं। ऐसे में एक मजबूत कानूनी ढांचे की जरूरत है।

### भारत-विरोधी तत्त्वों से सख्ती से निपटे क्रोएशिया

**नई दिल्ली।** भारत ने क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब स्थित भारतीय दूतावास में घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना को बहुत ही गंभीरता से लिया है और वहां की सरकार से कहा है कि इन घटनाओं में शामिल भारत-विरोधी तत्त्वों से सख्ती से निपटा जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को इन घटनाओं की निंदा करते हुए क्रोएशिया के अधिकारियों से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि वियना कन्वेंशन के तहत यह उनकी जिम्मेदारी है। वियना कन्वेंशन के तहत राजनयिक परिसर पवित्र होते हैं और उनकी हर हाल में सुरक्षा होनी चाहिए। भारत सरकार ने क्रोएशिया से यह भी कहा है कि (दोषियों) उनके पीछे जो भी लोग हैं, उनके चरित्र और इरादों के बारे में भी जानकारी दें और कानून का पालन कराने वाले अधिकारियों को हर जगह इन बातों पर ध्यान रखना चाहिए।

### मणिपुर में मैतेई युवक की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर में शांति की उम्मीदों के बीच एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कुकी बहुल चुराचंदपुर जिला के एक गांव में मैतेई समुदाय के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक पिछले एक महीने से अपनी पत्नी के साथ उसी गांव में रह रहा था, जो कुकी समुदाय की थी। आरोपियों ने हत्या का वीडियो बनाकर उसे वायरल किया, जिसमें पीड़ित हाथ जोड़कर अपनी जान की भीख मांगता दिखाई दे रहा है। इस घटना ने राज्य में फिर से डर, गुस्सा और राजनीतिक अस्थिरता की आशंका बढ़ा दी है और सुरक्षा की गारंटी पर कड़े सवाल खड़े किए है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 28 वर्षीय मयांगलांबम ऋषिकांत सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मणिपुर के काकचिंग खुनू इलाके का रहने वाला था।

## पृष्ठ एक के शेष

### सुलाह की महिलाओं...

करोड़ रुपए के भवन बना दिए, जो आज भी खाली हैं। बद्दी में कस्टमाइज्ड पैकेज के नाम पर 5000 बीघा जमीन कौड़ियों के भाव बड़े-बड़े उद्योगपतियों को दे दी गई, जिससे प्रदेश सरकार के राजस्व को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी भी सूरत में प्रदेश की जनता को लुटने नहीं देगी। राज्य सरकार भ्रष्टाचार को समाप्त कर अनाथ बच्चों, विधवाओं, दिव्यांगों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए धन का प्रावधान कर रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने यह योजना गरीबों के हित में शुरू की थी। राज्य सरकार पांच चरणों में प्रदेश में आईआरडीपी का सर्वे कर रही है, क्योंकि राज्य सरकार किसी गरीब को उसके अधिकार से वंचित नहीं रखेगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते थे कि निचले हिमाचल से कभी भी कांग्रेस का मुख्यमंत्री नहीं बनेगा, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने मुझे प्रदेश की सेवा का अवसर दिया। मैं किसी राजनीतिक परिवार से नहीं हूं, लेकिन छात्र जीवन से जनसेवा की इच्छा रही और पार्टी ने एक आम परिवार के व्यक्ति को प्रदेश युवा कांग्रेस, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनने के साथ-साथ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाया।

### डोडा में गहरी...

शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस हादसे पर दुख जताया। इन्होंने कहा कि हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने हादसे पर शोक जताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवदेना जताई है।

### कुल्लू में दिल्ली...

को पुलिस ने कब्जे में लिया है और घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रैफर किया गया है। मृतकों के परिजनों को जानकारी दे दी गई है और परिजनों के यहां पहुंचने पर शुक्रवार को शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### किश्तवाड़ से भागे...

हैं। सेना और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां उनकी तलाश में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। इसी कड़ी में चंबा पुलिस ने भी सीमावर्ती इलाकों में नाकाबंदी और पेट्रोलिंग तेज कर दी है। उधर, एसपी चंबा विजय सकलानी का कहना है कि किश्तवाड़ में बीते दिनों हुई आतंकी घटना को गंभीरता से लेते हुए चंबा जिला की सभी सीमाओं को सील किया गया है और सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। जवानों को आदेश हैं कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति या वाहन की तुरंत सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए। एसपी ने कहा गणतंत्र दिवस को देखते हुए भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और हर स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### भगदड़ रोकने के...

